दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 अंक 82 सीकर, मंगलवार 19 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## आदर्श विद्या मन्दिर का ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर प्रारम्भ



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की श्री दुर्गाप्रसाद धानुका आदर्श विद्या मन्दिर में विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की योजनानुसार 5 दिवसीय अभिरुचि शिविर का प्रारम्भ हुआ। शिविर में भाग लेने वाले भैया बहनों को योग, खेल, संगीत व स्पोकन अंग्रेजी का अभ्यास करवाया जायेगा। इस अवसर पर संकुल प्रमुख लोकेश चौमाल ने अभिरुचि शिविर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योग, खेल, संगीत शिक्षा व अंग्रेजी स्पोकन वर्तमान समय की एक महति आवश्यकता है। श्यामलाल प्रजापत ने योग के बारे में बताते हुए कहा कि योग करने से हम अनेक बीमारियों से बचे रह सकते है । बालिका प्रधानाचार्य सुनील कुमार महर्षि ने बताया कि विद्यालय के संगीत आचार्या मधुबाला एवं तारा कत्थक के नेतृत्व में छात्र-छात्राएँ विभिन्न वाद्य यंत्रो (तबला, ढोलक, हार्मोनियम, केशियो) को सीखने का अभ्यास करेंगे। विद्यालय के अंग्रेजी विषय के आचार्य राजेश बशीर एवं श्रीकृष्ण सैनी के सानिध्य में विद्यार्थी अंग्रेजी स्पोकन का अभ्यास करेंगे। खेल प्रशिक्षक नागरमल प्रजापत एवं नगेन्द्र कुमार जोशी के सानिध्य में विद्यार्थी टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम व शतरंज सहित विभिन्न खेलों का अभ्यास करेंगे। इस अवसर पर नरेन्द्र चौमाल, ताराचन्द शर्मा, रंजना इन्दौरिया, मुरलीधर प्रजापत, अर्चना इन्दौरिया, भारती शर्मा आदि उपस्थित थे।

# वीडी सतीशन केरलम सीएम बने

## 64 साल बाद राज्य में किसी मुख्यमंत्री ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली

तिरुवनंतपुरम।

कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी। कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री पी विजयन, बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर समेत सभी कांग्रेस शासित राज्यों के सीएम भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### सीएम सतीशन ने कैबिनेट की पहली बैठक की, 5 बड़े फैसले

- शपथ ग्रहण के बाद सीएम सतीशन ने कैबिनेट की पहली बैठक की। इस दौरान कई बड़े फैसले किए गए।
- 15 जून से महिलाएं चस्त्रक्षष्ट की बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।
- राज्य के बुजुर्गों के लिए एक विशेष विभाग बनाने की घोषणा की गई।
- आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय 3,000 रुपए बढ़ाया गया है।
- 2023 में नव केरल यात्रा के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं पर हुए हमले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।
- राज्य की वित्तीय स्थिति और राजकोष पर एक 'श्वेत पत्र' जारी किया जाएगा।




### कैबिनेट में 14 नए चेहरे

केरलम की कैबिनेट में 14 विधायकों ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। इसमें सीपी जॉन और एन शमसुद्दीन, केएम शाजी, पीके बशीर और वीई अब्दुल गफूर, पीसी विष्णुनाथ, रोजी एम जॉन, बिंदु कृष्णा, टी सिद्दीकी, केए थुलसी और ओजे जनीश शामिल हैं। कांग्रेस ने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पद भी अपने पास रखे हैं। तिरुवनचूर राधाकृष्णन को विधानसभा स्पीकर और शनिमोल उस्मान को डिप्टी स्पीकर बनाया गया है। केरलम विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण के बाद 22 मई को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्यपाल का नीतिगत संबोधन 29 मई को निर्धारित है, और राज्य का बजट 5 जून तक पेश किए जाने की संभावना है।



### 1962 में पूरी कैबिनेट ने शपथ ली थी

इससे पहले 1962 में सीएम आर शंकर ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी। 64 साल बाद आज दूसरी बार ऐसा हुआ है कि केरलम में किसी सरकार के सभी मंत्रियों ने एक साथ शपथ ली हो।

### मंत्री पी. सी. विष्णुनाथ बोले- जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा

केरलम के मंत्री पी . सी . विष्णुनाथ ने कहा कि यह एक गौरवपूर्ण क्षण है और एक बड़ी जिम्मेदारी है। विभागों का फैसला जल्द ही किया जाएगा। हमारे सभी कार्यकर्ता खुश हैं और यह उनकी कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि हमने चुनाव जीता।

## गौरीशंकर पांडे बने इंडियन आर्मी में धर्मगुरु

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** इंडियन आर्मी में जूनियर कमिश्नर ऑफिसर के पद पर चयनित होकर गौरीशंकर पांडे (बॉबी) धर्मगुरु बन गए हैं। इसके पिता स्व. महेश पांडे अपने समय धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होते रहते थे। आर्मी में धर्मगुरु बने गौरीशंकर की धर्मपत्नी रितम शर्मा भी नानी बाई को मायरो की संगीतमयी ख्याति प्राप्त कथा वाचक हैं। ब्राह्मण समाज के साथ ही सर्व समाज के लोगों ने धर्मगुरु के पद पर चयनित हुए बॉबी पांडे को बधाई के साथ शुभकामनाएं दी।

## धरना जारी : नेहरू पार्क में ही लगे महापुरूषों की मूर्तियां

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद के बाहर चल रहा धरना लगातार 16 वें दिन भी सोमवार को जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहे धरने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भी शिरकत की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने कहा कि गांधी चौक स्थित नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू, पद्मश्री कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी पं गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है। लेकिन सोलह दिन बीत जाने के बाद भी कोई भी प्रशासनिक अधिकारी धरने पर आकर वार्ता नहीं कर रहा, जो दिखाता है कि किस प्रकार के अनुचित दबाव में अधिकारी काम कर रहे हैं। ब्लॉक अध्यक्ष ने महापुरूषों की मूर्तियों को गांधी चौक स्थित पार्क में स्थापित किए जाने की मांग सरकार से की।



## स्वामी ने एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स में मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर बढ़ाया राजस्थान का गौरव

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के सहायक आचार्य एवं 1 राज आर्मर्ड स्क्काड्रन एनसीसी के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ निशांत स्वामी तारानगर ने एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में आयोजित एक माह अवधि के एनसीसी रिफ्रेशर कोर्स में मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। लेफ्टिनेंट डॉ निशांत को यह मेरिट पुरस्कार मेजर जनरल उपकार चंदर, कमांडेंट, एनसीसी अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी द्वारा ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, कांपटी, नागपुर में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने के अतिरिक्त लेफ्टिनेंट डॉ निशांत को प्रशिक्षण अवधि के दौरान उनके समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र से भी सम्मानित किया गया। एक माह के इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में शारीरिक दक्षता परीक्षण, लिखित परीक्षा, फायरिंग टेस्ट, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट अभ्यास, मैप रीडिंग तथा वॉलीबॉल चैम्पियनशिप जैसी विभिन्न सैन्य, नेतृत्व आधारित एवं खेलकूद गतिविधियाँ शामिल थी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों में नेतृत्व क्षमता, सैन्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण कौशल का विकास करना था।



# केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने हिन्दुस्तान जिंक के दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स का किया दौरा

निसं

**उदयपुर ( नवयत्न )।** कोयला और खान मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने राजस्थान में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के राजपुरा दरीबा कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और विश्व की शीर्ष चांदी उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक की सिंदेसर खुर्द माइन और दरीबा स्मेल्टिंग की संचालन प्रणाली, आधुनिक तकनीक, श्रमिकों कर्मचारियों के सुविधाओं सहित कंपनी द्वारा सामुदायिक विकास के लिए किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। इस यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में कंपनी की भूमिका को एक बार फिर से दोहराया है। हिन्दुस्तान जिंक प्रति वर्ष 1.1 मिलियन टन से अधिक धातु उत्पादन के साथ देश के महत्वपूर्ण खनिजों की क्षमता को सामने ला रही है, घरेलू वैल्यू चेन को मजबूत बना रही है और इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी व भविष्य के उद्योगों के लिए आवश्यक धातुओं के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बना रही है। केंद्रीय मंत्री ने कंपनी की विश्व सबसे बड़ी और आधुनिक अंडरग्राउंड चांदी खदानों में से एक सिंदेसर खुर्द माइन में एवं दरीबा स्मेल्टिंग में दरीबा स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। यहाँ उन्होंने कंट्रोल रूम, सेल हाउस और कैथोड यार्ड का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक की प्रोडक्ट गैलरी देखी। सिंदेसर खुर्द माइन के कॉफ्रेंस हॉल में उन्हें एक विशेष वीडियो और प्रेजेंटेशन के जरिए खदान के इतिहास, क्षमता, सुरक्षा नियमों, पेस्ट फिलिंग और टेली-रिमोट ऑपरेशन्स की जानकारी दी गई। उन्होंने कंट्रोल रूम का दौरा किया और रिमोट से चलने वाली मशीनों व उपकरणों को देखा जहां आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया गया। साथ ही उन्होंने देश की पहली महिला माइन रेस्क्यू टीम के लाइव डेमो को भी सराहा। इस दौरान हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा और कोयला एवं खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव विवेक बाजपेयी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि हिंदुस्तान जिंक का संचालन यह दिखाता है कि भारत एक आधुनिक, जिम्मेदार और आत्मनिर्भर माइनिंग क्षेत्र बनाने की दिशा में किस प्रकार प्रगति कर रही है। कंपनी का आधुनिक टेक्नोलॉजी, बेहतरीन कामकाज, सुरक्षा और सामाजिक विकास पर बल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत 2047 के सपने के अनुरूप है। जैसे-जैसे भारत अपने महत्वपूर्ण खनिजों की वैल्यू चेन को मजबूत कर रहा है, इसी प्रकार टेक्नोलॉजी पर आधारित ऐसे मिले-जुले प्रयास देश में जिम्मेदार खनन, घरेलू क्षमता को बढ़ाने और सबको साथ लेकर आगे बढ़ने में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे।



### श्रमिकों के साथ लिया दोपहर का भोजन

रेड्डी ने सिंदेसर खुर्द माइन की वर्कर कैंटीन में 54 जिंक रत्न श्रमिकों के साथ दोपहर का भोजन किया। सिंदेसर खुर्द माइन की कैंटीन में दोपहर के भोजन के दौरान उन्होंने महिला माइनिंग इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों से भी मुलाकात की। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक की बेहतरीन कार्यप्रणाली और भारत के माइनिंग क्षेत्र की तरक्की में उनके योगदान की सराहना की।

### सीएसआर स्टॉल का अवलोकन कर समुदाय विकास को सराहा

केंद्रीय मंत्री ने हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर स्टॉल का भी दौरा किया, जहाँ उन्होंने कंपनी द्वारा समुदाय के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप महिलाओं को आत्मनिर्भर और उद्यमी बनाने का प्रयास हेतु संचालित सखी, बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिएए शिक्षा संबल और ऊंची उड़ान, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संचालित मोबाइल हेल्थ वैन और कैंसर स्क्रीनिंग के जरिए इलाज पहुँचाना एवं ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए संचलित आरओ वॉटर एटीएम की सुविधा, जिंक फुटबॉल अकादमी की महिला खिलाड़ियों से बातचीत एवं परियोजनाओं से जानकारी ली। उन्होंने कंपनी के प्रमुख कार्यक्रम ऊँची उड़ान से लाभान्वित युवाओं से भी बातचीत की। ये युवा आज कोल इंडिया जैसी बड़ी कंपनी में काम कर रहे हैं और एक सफल करियर बना चुके हैं। यह हिन्दुस्तान जिंक की शिक्षा से जुड़ी सामाजिक पहलों के दूरगामी परिणाम को दर्शाता है। इस प्रकार की पहलों से परिलक्षित होता है कि हिन्दुस्तान जिंक अपने बिजनेस को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में एक स्थायी और बड़ा बदलाव लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दौरे के दौरान रेड्डी ने दरीबा माइंस की महिला कर्मचारियों से चर्चा में माइनिंग के क्षेत्र में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि किस प्रकार महिलाएं देश की प्रगति में टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ सकती है। हिन्दुस्तान जिंक केवल माइनिंग और स्मेल्टिंग में ही आगे नहीं है बल्कि रोजगार के अवसर पैदा करके, पर्यावरण संरक्षण, कम कार्बन उत्सर्जन और पानी की बचत और स्थानीय समुदायों को साथ लेकर देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में बड़ा योगदान दे रही है। यह दौरा भारत को खनिज सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।


माइनिंग से लेकर मेटल बनाने तक के कंपनी के इस पूरे नेटवर्क ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और आसपास रहने वाले लोगों को अवसर प्रदान किये हैं। इस दौरे ने हिन्दुस्तान जिंक के उस नजरिए को और मजबूत किया है जिसमें काम की बेहतरी के साथ-साथ टेक्नोलॉजी, पर्यावरण सुरक्षा और समाज का विकास एक साथ जुड़े हैं। आज जब भारत महत्वपूर्ण खनिजों, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और मजबूत सप्लाई चेन के भविष्य की तरफ बढ़ रहा है, तब हिन्दुस्तान जिंक का पूरा ध्यान जिम्मेदार माइनिंग करने, बेहतरीन मेटल्स बनाने, राजस्थान के विकास में मदद करने और भारत को विकसित भारत बनाने के सफर में योगदान देने पर है।

## स्वर्ण व्यापारियों ने सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने पर जताया विरोध



**तारानगर ( नवयत्न )।** स्वर्णकार एसोसिएशन तारानगर की बैठक कस्बे के सोनी धर्मशाला में हुई। बैठक में स्वर्णकार की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में भारत सरकार की ओर से सोने व चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने पर रोष व्यक्त किया गया। स्वर्णकार बंधुओं ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सोने व चांदी के भाव बहुत अधिक तेज है इसके बावजूद सरकार ने सोने व चांदी पर आयात शुल्क 6 प्रतिशत से 15 प्रतिशत बढ़ाकर स्वर्ण व्यापारियों व आम जनता के साथ कुठाराघात किया है। सोने चांदी के भाव बढ़ने से स्वर्ण व्यापार बंद होने के कगार पर है। बैठक के बाद एसोसिएशन ने आयात शुल्क बढ़ाने के विरोध में प्रधानमंत्री के नाम तारानगर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर सोने व चांदी पर आयात शुल्क कम करने व सोने चांदी के भाव में चल रहे अनियंत्रित उतार चढ़ाव को नियंत्रित करने की मांग की। इस मौके पर स्वर्णकार एसोसिएशन तारानगर के अध्यक्ष भगवती प्रसाद गोयतान, हनुमानमल, जगदीश नारनौली, विजय कुमार, पीरूमल, मालाराम, आजाद बंगाली सहित अनेक स्वर्णकार मौजूद थे।

## कोबरी-सार



# गर्मी के मध्यनजर बेहतरीन रहे व्यवस्थाएं, अधिकारी करें समुचित प्रबंधन : सुराणा

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पानी, बिजली, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं, जनगणना-2027, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/वार्ड अभियान एवं वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान तथा विभागीय योजनाओं व गतिविधियों की समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति एवं चिकित्सा सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें। अधिकारी फील्ड स्तर पर समुचित प्रबंध करें और मशीनरी मुस्तैदी से काम करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्थाओं को सुचारू रखें। उन्होंने पीएचईडी अधिकारियों से कहा कि नहरबंदी समाप्ति के बाद अंतिम छोर तक पानी आपूर्ति हेतु बेहतरीन प्रबंधन सुनिश्चित करें। गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। जलापूर्ति बाधित होने अथवा विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता, चिकित्सकों की उपस्थिति एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहें। हीटवेव को देखते हुए अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन कार्यक्रम के तहत लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं का अधिकाधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने व विभागीय समन्वय से जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। जनगणना-2027 अंतर्गत प्रथम चरण गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार पूर्ण किए जाएं। चार्ज अधिकारी अपने क्षेत्र में गर्मी को देखते हुए प्रगणकों की सुविधाओं का ध्यान रखें और घर-घर संपर्क व मकान सूचीकरण आदि सभी गतिविधियां समयबद्ध ढंग से संपादित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/वार्ड अभियान अंतर्गत सभी डाटा एंट्री स्पष्ट व समुचित रूप से सुनिश्चित करने की बात कही। लाडो प्रोत्साहन योजना अंतर्गत लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त हस्तांतरण की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि चिकित्सा, शिक्षा व महिला अधिकारिता विभाग समन्वित प्रयासों से प्रथम, द्वितीय व तृतीय किस्त में गैप को कम करें। लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से टच करें और किसी प्रकार से दस्तावेजों में कमी को दुरूस्त करवाएं। उन्होंने पिछले महीनों में संपर्क पोर्टल पर असंतुष्टि वाले प्रकरणों के पुन: वेरिफिकेशन के दौरान संतुष्टि स्तर की समीक्षा की और कहा कि सुनिश्चित करें कि प्राथमिक स्तर पर ही प्रकरणों का निस्तारण हो और अनावश्यक रूप से प्रकरण ऊपरी स्तर पर अंतरण नहीं हों। अधिकारी परिवादियों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर परिवादों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर अनावश्यक पेंडेंसी ना रहे और एवरेज डिस्पोजल टाइम कम करें। वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान को लेकर उन्होंने सभी विभागों को पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने व आपसी समन्वय से अभियान अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध ढंग से संपादित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने जेएसजेबी अंतर्गत कार्यों की जियोटैगिंग करने व नवीन आवंटित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि अर्जित करने, गैस सिलेंडर, पेट्रोल व डीजल आपूर्ति व उपलब्धता, ग्रीष्मकालीन कंटीजेन्सी कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने, चिकित्सा अधिकारियों को हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों को लेकर पूरी सतर्कता बरतने व आवश्यक प्रबंधन करने, विमुक्त घुमंतू व अर्द्ध घूमंतू आवासहीन परिवारों के लिए आबादी विस्तार के लंबित प्रस्तावों में समुचित रिपोर्ट प्रस्तुत करने, स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन में प्रगति लाने, डीएमएफटी कार्यों व अटल ज्ञान केन्द्र के लंबित कार्यों को पूर्ण करने, ओपन जिम, आरओडब्ल्यू प्रकरणों के निस्तारण, स्वामित्व योजना अंतर्गत मैप वन में आपत्ति नोटिस जारी करने, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत आमजन को प्रोत्साहित करने व लाभान्वित करने, पेंशन वेरिफिकेशन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने संपर्क पोर्टल प्रकरण, आरओडब्ल्यू प्रकरण तथा विमुक्त घुमंतू व अर्द्ध घूमंतू आवासहीन परिवारों के लिए आबादी विस्तार के लंबित प्रस्तावों के बारे में चर्चा की। सीईओ श्वेता कोचर ने वंदे गंगा : जल संरक्षण जन अभियान अंतर्गत संपादित की जाने वाली गतिविधियों के बारे में चर्चा की। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## ब्लॉक स्तरीय कृषि महोत्सव आयोजित



श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर की अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, अरणिया द्वारा ग्राम पुजारी का बास के मूवलो की ढाणी में कृषि ग्राम महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफफसलों की उन्नत तकनीकों, बीजोपचार, फसल सुरक्षा, पशुपालन तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। डॉ हरफूल सिंह ने ग्रीष्मकालीन जुताई से कीट वो बीमारियों के नियंत्रण के बारे में बताया। डॉ बी एल आशीवाल ने ट्राईकोडर्मा एवं नीम तेल द्वारा बीमारियों एवं कीटों के नियंत्रण के बारे में बताया। डॉ शंकर कसवां ने खरीफ फसलों के वैज्ञानिक उत्पादन, जल संरक्षण, उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी दी। शंकर लाल गठाला ने उर्वरकों के संतुलित प्रयोग एवं नैनो उर्वरकों के प्रयोग के बारे में जानकारी दी। रामावतार मिश्रा ने गो आधारित प्राकृतिक खेती के बारे में बताया तथा बताया कि गाय के गोबर, गो मूत्र, बेसन, गुड़ जीवाणु युक्त मिट्टी का प्रयोग कर जीवामृत बनाकर काम में ले। दीपा राम ने कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं किसानों के मध्य संवादात्मक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए।

## फनशाला समर कैंप-2026 का शुभारम्भ



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** वर्धमान विद्या विहार सेकेंडरी स्कूल, बजाज रोड, सीकर में फनशाला समर कैंप-2026 का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं णमोकार मंत्र के साथ किया गया। संस्था अध्यक्ष दीपक संगही ने बताया कि इस वर्ष समर कैंप का आयोजन 18 से 30 मई तक किया जाएगा। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से सम्बंधित प्रशिक्षण दिए जायेंगे। संस्था उपाध्यक्ष आशीष जयपुरिया ने बताया कि इस फनशाला समर कैंप के दौरान सुबह 8 से प्रात: 11:30 बजे तक विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे ताइक्वांडो, स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, म्यूजिक, कंप्यूटर क्लास, योगा, मेहंदी, इंडोर गेम्स, कैलीग्राफी, डांस, पर्सनलटी डवलपमेंट एवं फायरलेस कूकिंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्था प्रधान डॉ मीनाक्षी भार्गव ने बताया कि इस समर कैंप में विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ बाहर से आने वाले अन्य विद्यालयों के बच्चो को भी उनकी रूचि के अनुसार प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया की प्रतिवर्ष विद्यालय द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्कूल के प्रशिक्षकों के अलावा बाहर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थी अपना कौशल निखार सकें। समर कैंप में अब तक विद्यालय के लगभग 600 एवं 100 अन्य विद्यार्थियों आउटर ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। समारोह में संस्था के सह सचिव रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुशील काला, सदस्यगण मनोज जैन, अमित पिराका, निखिल अजमेरा तथा शिक्षकगण एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## भारी वाहनों के प्रवेश पर ग्रामीणों का आक्रोश



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** तहसील के लोढसर गांव के अंदर आबादी क्षेत्र से भारी वाहनों का आवागमन होने पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। सोमवार को बड़ी संख्या में उपखंड कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। राजस्थान जाट महासभा जिलाध्यक्ष गोपीराम बिजारणियां ने बताया कि गांव के बाहर भारी वाहनों के लिए बाइपास सड़क बनी हुई है, फिर भी कई भारी वाहन गांव के अंदर से गुजरते हैं। इससे गांव वासियों को भारी परेशानी व दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गांव की महिलाएं जब कुओं से पानी भरने जाती हैं तब भी भारी वाहनों के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। युवा जब पशुओं को चराने के लिए लेकर जाते हैं, तब भी रास्तों में वाहनों से खतरा बना हुआ है। इसके अलावा भारी वाहनों के कारण गांव में धूल-मिट्टी उड़ने और सड़के खराब होने जैसी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

एडवोकेट हरिराम मेहरड़ा ने बताया कि गांव में भारी वाहनों के लगातार आवागमन से जल आपूर्ति के लिए बिछी हुई पाइपलाइन, नालियां भी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते ग्रामीणों का जीना दूभर होने लगा है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने की मांग की है। अन्यथा बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर डूंगर चौधरी, युवा नेता महेंद्र नोजल, हरिकिशन, सूर्यप्रकाश, नानूराम, मनोज, गोपालराम सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइपास पर शराब ठेके का विरोध, लोकेशन बदलने की मांग को लेकर धरना

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** बाइपास सैनिक स्कूल के सामने संचालित अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को मोहल्लेवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शराब ठेके के बाहर धरने पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेके के आसपास आए दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। शराब पीकर लोग मोहल्ले में पहुंचते हैं, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने बताया कि ठेका मंदिर के नजदीक गलत जगह लगाया गया है। यहां कई बार शराबियों द्वारा झगड़ा-फसाद और उत्पात मचाने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है। धरने पर बैठी महिलाओं ने कहा कि शराब ठेके की वजह से मोहल्ले में असुरक्षा का माहौल बन गया है। शाम होते ही यहां शराबियों की भीड़ लग जाती है, जिससे परिवारों का घर से निकलना तक मुश्किल हो गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की कि आबादी क्षेत्र से शराब ठेका तुरंत हटाकर किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए। लोगों ने जल्द समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। सूचना के बाद मौके पर सीआई शिंभू दयाल मीणा, एएसआई नवाब खान और आबकारी पुलिस के अधिकारियों ने पहुंचकर समझाइश की और कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## महिलाओं ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय रैगर बस्ती वार्ड संख्या 32 में नियमित पेयजल आपूर्ति बाधित होने से परेशान महिलाओं ने सोमवार को एसडीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मुकेश खींची ने बताया कि उनके वार्ड में गली नंबर 28 में आगे की साइड में पेयजल की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही इसके साथ ही यहां कई घरों में पेयजल सप्लाई के दौरान भी पानी नहीं पहुंच रहा। गर्मी की शिद्दत के साथ महिलाओं को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में पीएचईडी विभाग के अधिकारियों और जिम्मेदारों को भी बार बार अवगत करवाया गया मगर किसी ने आकर मौका निरीक्षण तक नहीं किया जिसके चलते उनकी समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है। वार्ड की महिलाओं ने उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। इसके साथ ही धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है।

## वैष्णव स्वामी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 24 को



श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** शहर के आमली वाले बालाजी मंदिर में रविवार को वैष्णव स्वामी (च.स.) समाज शेखावाटी अंचल संस्थान राजस्थान की महत्वपूर्ण बैठक संस्थान अध्यक्ष शंभुदयाल वैष्णव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 24 मई को रींगस स्थित प्राचीन श्याम मंदिर के सामने श्री श्याम धर्मशाला में आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक समारोह की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

समिति के सलाहकार एवं मीडिया प्रभारी प्रमोद स्वामी खाटू ने बताया कि समारोह को दिव्य एवं भव्य स्वरूप देने के लिए समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। बैठक में मंच व्यवस्था, अतिथि सत्कार, पंजीयन, सम्मान सूची, भोजन व्यवस्था, अनुशासन एवं प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय की गई। समारोह में बोर्ड परीक्षा 2026 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, राजकीय सेवाओं में चयनित अभ्यर्थियों तथा शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा।

बैठक में दामोदर स्वामी खाटू, गणेश स्वामी खाटू, राजकुमार वैष्ण खाटू, महेश स्वामी श्रीमाधोपुर, पोखरमल स्वामी रींगस, भगवान सहाय स्वामी, सांवरमल स्वामी, मुकेश स्वामी, शंकर स्वामी, अनिल स्वामी, बनवारी लाल, राजकुमार स्वामी, रामोतार स्वामी हांसपुर, जगदीश प्रसाद स्वामी, श्रवण स्वामी मोटा की ढाणी, ओमप्रकाश स्वामी, करतार स्वामी भादवाड़ी, राजेश स्वामी थोई एवं सत्यनारायण स्वामी हाड़ोता सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत प्रवेश प्रक्रिया

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय जी एच एस राजकीय महाविद्यालय में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से संबद्ध बी.कॉम बीएफएसआई के अंतर्गत अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अन्तिम तिथि 22 मई है। महाविद्यालय प्राचार्या विनीता चौधरी ने बताया कि यह वर्तमान में चल रहे बीए, बीकॉम, बीएससी के समान ही तीन वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग अनुभव प्रदान करता है। इस पाठ्यक्रम में किसी भी संकाय से 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकता है। इस कार्यक्रम में पहले दो वर्षों तक नियमित अध्ययन कराया जाएगा तथा तीसरे वर्ष में विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों में स्टाइपेंड 12300 रुपए प्रति माह सहित पूर्णकालिक अप्रेंटिसशिप का अवसर मिलेगा।

## महला रोल बॉल एकेडमी बना ग्रामीण प्रतिभाओं का नया केंद्र



श्रवण सारस्वत

**रींगस (नवयत्न)।** महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल की महला रोल बॉल एकेडमी खेल जगत में लगातार नई ऊँचाइयाँ हासिल कर रही है। एकेडमी के खिलाड़ी अनुशासन, कठिन परिश्रम और समर्पण के दम पर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित कर रहे हैं। एकेडमी के प्रशिक्षक पिंटू दयाल शर्मा खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ टीम भावना, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं खेल संस्कारों का भी प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ी प्रतिदिन लगभग तीन घंटे नियमित अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। विद्यालय सचिव विशाल महला द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही आधुनिक सुविधाओं एवं प्रोत्साहन के कारण विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि निरंतर बढ़ रही है। विद्यालय में रोल बॉल के अतिरिक्त वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, खो-खो, बैडमिंटन तथा फिटनेस प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी नई पहचान बना रहे हैं। प्रशिक्षक पिंटू दयाल शर्मा के निर्देशन में खिलाड़ियों ने रोल बॉल प्रतियोगिताओं में राज्य स्तरीय, एसजीएफआई, ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, राष्ट्रीय, नेशनल गेम्स एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पदक जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। एकेडमी के खिलाड़ी महिपाल महला ने सभी आयु वर्गों एवं विभिन्न स्तरों की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में वे बीपीएड की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने हुए हैं।

वहीं पूजा महला एकेडमी की ऐसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने सर्वाधिक पदक जीतने के साथ-साथ सरकारी सेवा में भी सफलता प्राप्त की है तथा वर्तमान में रींगस विद्युत विभाग में कार्यरत हैं। एकेडमी के खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ दिखाई देते हैं। खिलाड़ियों का यह जज़्बा आने वाले समय में और बड़ी उपलब्धियों की ओर संकेत कर रहा है। महला रोल बॉल एकेडमी आज ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बन चुकी है।

## निजी खर्च से खरीदी पाइप लाइन, अब कनेक्शन जोड़ने का इंतजार

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** स्थानीय तेली रोड गली नंबर 20 में घरेलू पाइप लाइन का कनेक्शन जोड़ने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि वार्ड संख्या 33 की गली नंबर 20 में पेयजल संकट से त्रस्त वार्डवासियों ने बार-बार जलदाय विभाग को पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई मगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो मजबूरन सभी लोगों ने अपने जेब से पैसे खर्च कर पाइप लाइन खरीद कर डलवाई। इसके बावजूद जलदाय विभाग के कर्मचारी अब पाइप लाइन का कनेक्शन जोड़ने में आनाकानी कर रहे हैं जिसके चलते उनकी परेशानी का कोई समाधान नहीं मिल रहा। वार्डवासियों ने बताया कि सभी ने एकजुट होकर अपने पैसों से नया पाइप खरीदा इसके बाद अपने ही खर्चे पर जेसीबी मंगवाकर गड्ढा भी खुदवा लिया मगर पाइप का कनेक्शन जुड़वाने के लिए फिर से विभाग के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके चलते पिछले 5 दिनों से गली में मुख्य रस्ते पर गड्ढा खुदाई होने से आमजन का आवागमन बाधित पड़ा है। इस बारे में स्थानीय लोगों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवाया मगर उन्हें आज कल के आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष आज आएंगे सीकर

सपना शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी मंगलवार को सीकर आएंगे। वे दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में आयोजित किसान मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी किसान मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। चौधरी के सीकर आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत भी किया जाएगा। किसान मोर्चा के कार्यक्रम में जिले के शीर्ष नेतृत्व, पाटी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता आदि भाग लेंगे।

# भीषण गर्मी में राहगीरों को बाटा शरबत और प्रसादी



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ओम श्री राम भरोसे मंदिर सुदाम कुटी, रामगढ़ मोड़ की ओर से बस स्टैंड पर सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राहगीरों को ठंडा शरबत, लड्डू, पूड़ी-सब्जी, समोसे एवं प्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम संयोजक राजो देवी ने बताया कि सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर लोगों की सेवा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा जागृति संगठन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी रहे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों और राहगीरों की सेवा करने से आत्मिक शांति और सुकून प्राप्त होता है। इस अवसर पर नरेश चंद्र, अश्विनी मिश्रा, राधे, कमलेश नानवानी, विजयराजे अंश, मनोज सेवानी, अनमोल मुकंद, करन अलवानी, अनन्या, राधिका, रेणु, राहुल लोकवानी, रागिनी, कुसुम, रवि, संतोष, रिया, विनीत, सोनू, लालचंद, ताराचंद, संजय, सपना और मनीष सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर जुटेंगे देशभर के विशेषज्ञ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे के अवसर पर 19 मई को जयपुर में विशेष पैनल डिस्कशन का आयोजन किया जाएगा। एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट द्वारा फोर्टिस हॉस्पिटल्स एवं आईआईईएमआर के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम होटल हॉलिडे इन में होगा, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, जीआई ऑन्कोलॉजिस्ट, सर्जन एवं चिकित्सा विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यक्रम में पेट से जुड़े कैंसरों की रोकथाम, शुरुआती पहचान, स्क्रीनिंग और एआई तकनीक आधारित आधुनिक जांच प्रणालियों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयोजन का उद्देश्य आमजन में एब्डोमिनल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व को रेखांकित करना है। इस कार्यक्रम के तहत अर्ली डिटेक्शन ऑफ लुमिनल जीआई कैंसर एआई एंडोस्कोपी विषय पर डॉ एसएस शर्मा चर्चा करेंगे। वहीं पेशेंट एंड डायग्नोस्टिक डिले एंड एडवांस्ड जीआई कैंसर विषय पर डॉ संदीप जैन अपने विचार रखेंगे। प्रोफाइलेक्टिक कलेक्टोमी एंड प्रिवेंशन ऑफगॉल ब्लैडर कैंसर विषय पर डॉ आरके जेनॉ, डॉ जीतेन्द्र चावला, डॉ आर भोजवानी, डॉ राम डागा, डॉ पंकज श्रीमल एवं प्रो विके कपूर पैनल डिस्कशन करेंगे। इसके अलावा अर्ली स्क्रीनिंग कोलोनोस्कोपी एंड कोलोरेक्टल कैंसर विषय पर डॉ सुधीर महाऋषि, डॉ एस निजावण, डॉ मुकेश कल्ला, डॉ शालू गुप्ता, डॉ जया माहेश्वरी एवं डॉ सौरभ कालिया चर्चा करेंगे। अल्कोहल रिलेटेड सिरोसिसए एचसीसी एंड प्रिवेंशन विषय पर प्रो वीए सारस्वत, डॉ आर पोखैरना, डॉ दिनेश अग्रवाल, डॉ जयंत शर्मा, डॉ निमेष मेहता, डॉ मोनिका गुप्ता एवं डॉ दिनेश भारती अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम में डॉ अरुण अग्रवाल, डॉ आरएस केधर, डॉ विपिन जैन, डॉ हेमेंद्र शर्मा, डॉ साकेत अग्रवाल, डॉ नीरज नगाइच और डॉ लोकेश गोयल सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे।

# अग्रवाल के गीत पधारो म्हारे देश ने विदेश में बढ़ाया राजस्थान का मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया नीदरलैंड यात्रा के दौरान राजस्थान की लोक संस्कृति और संगीत की मधुर गूंज अंतरराष्ट्रीय मंच पर सुनाई दी। हेग में प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए आयोजित विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका मनीषा अग्रवाल का लोकप्रिय गीत पधारो म्हारे देस प्रस्तुत किया गया, जिसने वहां मौजूद भारतीय समुदाय और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने की इस पहल की सराहना की। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इस प्रस्तुति को अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा करते हुए राजस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। वर्ष 2011 में पहली बार जारी हुए पधारो म्हारे देस गीत में भारतीय संगीत जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी कला का योगदान दिया था। इनमें जगजीत सिंह, उस्ताद सुल्तान खान, पंडित विश्व मोहन भट्ट, मनीषा ए अग्रवाल, संगीत निर्देशक रवि पवार, रूपकुमार राठौड़, उस्ताद अहमद हुसैन, उस्ताद मोहम्मद हुसैन, सलील भट्ट, मोहम्मद वकील, गुलाबो, अनवर खान और गाजी खान जैसे कलाकार शामिल रहे हैं। मनीषा ए अग्रवाल भक्ति और लोक संगीत की प्रतिष्ठित गायिका हैं, जो पारंपरिक और आधुनिक संगीत शैली के समन्वय के लिए जानी जाती हैं। निम्बूड़ा, बन्ना रे, मल्हार और गिरधारी गिरधारी जैसे लोकप्रिय गीतों के माध्यम से वे राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिला रही हैं। इसके साथ ही वे अर्पण फाउंडेशन की पहल अर्पण म्यूजिक लैब के जरिए युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर राजस्थान की लोक एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। पधारो म्हारे देस की यह प्रस्तुति एक बार फिर साबित करती है कि राजस्थान का लोक संगीत अपनी आत्मीयता, भावनात्मक गहराई और सांस्कृतिक समृद्धि के बल पर विश्वभर के लोगों को जोड़ने की क्षमता रखता है।

# जन सुरक्षा योजनाओं के 11 वर्ष पूर्ण, करोड़ों परिवारों को मिला सुरक्षा कवच

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई केंद्र सरकार की तीन प्रमुख जन सुरक्षा योजनाओं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने सामाजिक सुरक्षा के 11 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से देश के गरीब, श्रमिक और मध्यम वर्गीय परिवारों को कम लागत में बीमा और पेंशन सुरक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। भाजपा राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता जगदीश सैनी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 27 करोड़ से अधिक, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक तथा अटल पेंशन योजना के तहत 9 करोड़ से अधिक नामांकन दर्ज किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के माध्यम से अब तक 10.7 लाख से अधिक परिवारों को 21500 करोड़ रुपए से अधिक के दावों का लाभ दिया गया है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 1.84 लाख से अधिक परिवारों को करीब 3660 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान किया जा चुका है।

# कर्मचारी महासंघ ने दी कल से आंदोलन करने की चेतावनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगों पर कार्रवाई नहीं किए जाने से नाराज अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत ने अब आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। राजधानी जयपुर स्थित गवर्नमेंट प्रेस कार्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय महाबैठक में महासंघ ने सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा करते हुए कर्मचारी हितों की अनदेखी पर कड़ा विरोध जताया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि बैठक में राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम को बीमा कंपनी को सौंपने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए पूर्व की भांति सभी अनुमोदित अस्पतालों में ओपीडी, आईपीडी एवं दवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। इसके साथ ही समर्पित अवकाश सरेंडर लीव का भुगतान जारी करने, पदोन्नति में दो वर्ष की छूट देने, संविदा एवं ठेका कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित लंबित 25 सूत्रीय मांगपत्र पर चर्चा हुई। बैठक में कर्मचारियों ने चिकित्सा मंत्री के आरजीएचएस को बीमा कंपनी को देने संबंधी बयान पर भी नाराजगी जताई और सरकार को चेतावनी दी कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा। महासंघ ने घोषणा की कि 19 मई को प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम मुख्य सचिव को अंतिम चेतावनी ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 20 मई से प्रदेश के सभी जिलों में जिला कलेक्टरों, विभागाध्यक्षों और कार्यालय प्रमुखों के माध्यम से मुख्यमंत्री को चेतावनी ज्ञापन भेजे जाएंगे। यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो 25 से 30 मई तक प्रदेशभर के कर्मचारी प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से 1:30 बजे तक कार्य बहिष्कार करेंगे।

महासंघ ने चेतावनी दी कि इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ तो पूरे राजस्थान में कर्मचारी जागृति यात्रा निकालकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



# केमिस्टों ने भरी हुंकार : ई-फार्मेसी और नीतिगत बदलावों के विरोध में कल बंद रहेगी दवा दुकानें

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर राजस्थान केमिस्ट एलायंस के सहयोग से 20 मई को देशभर में केमिस्ट एवं दवा विक्रेताओं का बंद आयोजित किया जाएगा। जयपुर में राजस्थान केमिस्ट एलायंस के अध्यक्ष एवं एआईओसीडी के उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने बताया कि यह बंद केवल व्यापारिक मुद्दा नहीं बल्कि देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि रिटेल केमिस्ट आमजन तक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और समय पर दवाइयां पहुंचाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं लेकिन ई-फार्मेसी के अनियंत्रित विस्तार और नीतिगत असंतुलन के कारण छोटे एवं मध्यम दवा विक्रेताओं के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है। संगठन ने अवैध ई-फार्मेसी पर सख्त कार्रवाई करने तथा जीएसआर 817(ई) और जीएसआर 220(ई) अधिसूचनाओं को तत्काल वापस लेने की मांग की है।

अरविंद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया जाएगा तथा आपातकालीन दवा सेवाएं जारी रहेंगी ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य सरकार का ध्यान केमिस्ट समुदाय की वास्तविक समस्याओं की ओर आकर्षित करना है। उन्होंने प्रदेश और देशभर के केमिस्ट एवं रिटेलर साथियों से बंद का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि कुछ लोग भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि संगठन लगातार केमिस्ट हितों के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सरकार के साथ संवाद के लिए पूरी तरह तैयार है और समस्याओं के सकारात्मक एवं स्थायी समाधान की अपेक्षा रखता है।

# अभिरूचि एवं समाजसेवा शिविर का आगाज



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएमश्री राजकीय केसर देवी बालिका विद्यालय मेँ संस्था प्रधान विजय सिंह चौहान की अध्यक्षता और स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड अम्बेसडर शिवशंकर बोहरा के मुख्य आतिथ्य व पार्षद सुमित्रा आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में अभिरूचि समाजसेवा शिविर का आगाज हुआ। अभिरूचि शिविर प्रभारी पूनम चौधरी ने बताया कि शिविर में कक्षा 6 से 8वीं की बालिकाओं को योग प्रशिक्षक रुपाली, कंप्यूटर विशेषज्ञ आलोक सेन और संगीत शशि शर्मा द्वारा अलग अलग सत्र में विषय की जानकारी दी जाएगी। शिविर प्रभारी आरती पटेल के अनुसार समाजसेवा शिविर में बालिकाओं द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत विद्यालय और आस पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान और पर्यावरण के क्षेत्र में पेड़ पौधों की सुरक्षा, परिंडे लगाने का कार्यक्रम होंगे। पूर्व पार्षद सुमित्रा आर्य ने बालिकाओं से आह्वान किया कि अभिरूचि शिविर के आयोजन से कौशल विकास होता है इसलिए इन शिविरो में पुरे मनोयोग से भाग लेना चाहिए।

शिक्षाविद् सतीश शर्मा ने कहा की बौद्धिक ज्ञान के साथ साथ शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास होना जरूरी है जिसके लिए ऐसे शिविर का आयोजन नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम में मास्टर अब्दुल जब्बार, जलालुद्दीन सोलंकी, रमजान अली खिलजी, समाजसेवी इशाक मोहम्मद छींपा, दयाराम मारोठिया, हाजी सत्तार सहित एसडीएमसी सदस्य उपस्थित रहे।

# पारंपरिक खेलों से बच्चों और युवाओं में बढ़ा उत्साह : काजल सैनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नृत्यम फाउंडेशन एवं अलाएन योगा सेंटर की ओर से सोडाला स्थित सार्वजनिक पार्क में पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में नींबू-चम्मच दौड़, मटका दौड़, लंगड़ी टांग सहित कई पारंपरिक खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था की अध्यक्ष काजल सैनी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से हमारी संस्कृति से जुड़े पुराने और लुप्त होते पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे



खेल बच्चों और युवाओं में शारीरिक सक्रियता के साथ-साथ सामाजिक जुड़ाव भी बढ़ाते हैं। फाउंडेशन के सचिव सत्यनारायण सैनी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के विजेताओं को शर्मा ज्वेलर्स की ओर से उपहार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवासी संघ राजस्थान के प्रदेश संयोजक भीम सिंह कासनिया, प्रवासी संघ राजस्थान प्रदेश महासचिव रहे। जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था की सदस्य रेनू सैनी, मीनाक्षी जायसवाल, सुमन सैनी, संतोष जाखड़, गरिमा चौधरी, संतोष सैनी, सरिता सैनी एवं इंदिरा सैनी ने विशेष सहयोग दिया।

# जीवन मार्गदर्शन के लिए खुला लाइफ ट्रांसफॉर्मेशन स्टूडियो

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** न्यूमेरोलॉजी-लाइफ कोचिंग और काउंसलिंग के जरिए लोगों को रिश्तों, करियर, स्वास्थ्य और जीवन में सफलता के लिए मार्गदर्शन देने के लाइफट्रांसफॉर्मेशन स्टूडियो का शुभारंभ वैशाली नगर स्थित मॉल ऑफ जयपुर में किया गया। इस स्टूडियो की शुरुआत असम की प्रसिद्ध न्यूमेरोलॉजिस्ट एवं लाइफ कोच नूपुर पुरोहित और उनकी बहन पायल जोशी द्वारा की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन योगाचार्य ढाकाराम द्वारा शुभाशीष प्रदान कर किया गया। नूपुर पुरोहित लंबे समय से न्यूमेरोलॉजी एवं सरल उपायों के माध्यम से लोगों को जीवन में सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रही हैं और वहीं पायल जोशी काउंसलिंग एवं गाइडेंस के जरिए लोगों को मानसिक और भावनात्मक संतुलन प्रदान कर रही हैं।

# एमएनआईटी एलुमनी प्रीमियर लीग में ब्रूटल शार्क बनी चैंपियन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जयपुर के पूर्व छात्रों के लिए आयोजित एमएनआईटी एलुमनी प्रीमियर लीग का भव्य समापन मानसरोवर क्रिकेट एकेडमी में हुआ। 15 मई से शुरू हुई इस क्रिकेट लीग में पांच टीमों ने भाग लिया, जहां खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले और शानदार खेल भावना देखने को मिली। खेले गए फाइनल मुकाबले में ब्रूटल शार्क ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अल्फा रॉयल को एकतरफा मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अल्फा रॉयल की टीम 68 रन पर सिमट गई। जवाब में ब्रूटल शार्क ने 9.1 ओवर में 69 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले रितेश माहेश्वरी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। विजेता टीम ब्रूटल शार्क के कप्तान अमित गोयल ने ट्रॉफी ग्रहण की। समापन समारोह में पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ जगदीश चंद्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा एमएनआईटी के पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित इस अनूठी पहल की सराहना की। इस अवसर पर एडवोकेट ललित शर्मा भी मौजूद रहे। लीग के आयोजक अंकुश चौधरी एवं एल्यूमनस अंकुर शर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों,, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# नि :शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 24 को

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा आगामी 24 मई को स्व. लालचंद टमकू देवी पाटनी की स्मृति में उनके पुत्रों भामाशाह प्रकाशचंद बिमल कुमार पाटनी व समस्त पाटनी परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के वरिष्ठ सदस्य ललित सोनी ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया




जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के नि:शुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में नि:शुल्क करवाए जाएंगे। सोनी ने बताया कि सोमवार को द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में शिविर के पोस्टर व प्रचार सामग्री का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डॉ एस के छाबड़ा, बिमल पाटनी, निर्मल बोकडिया, गोपाल चोटिया, ललित सोनी, कुणाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

# नीट-2026 पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस करेगी भाजपा मुख्यालय का घेराव

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नीट-2026 परीक्षा पेपर लीक मामले और इसमें भाजपा नेताओं की कथित संलिप्तता के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी 21 मई को जयपुर में भाजपा प्रदेश मुख्यालय का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में होने वाले इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान के इस्तीफे और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को भंग करने की मांग उठाएंगे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने कहा कि नीट-2026 का पेपर लीक होना देश के लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसके लिए केंद्र सरकार और एनटीए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच में भाजपा नेताओं की संलिप्तता सामने आई है तथा पूर्व वर्षों में भी नीट परीक्षाओं के पेपर लीक होने के बावजूद केंद्र सरकार ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि नीट-2025 और नीट-2024 में भी पेपर लीक के मामले सामने आए थे लेकिन दोषियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए। साथ ही आरोप लगाया कि राजस्थान सरकार को नीट-2026 पेपर लीक की जानकारी होने के बावजूद मामले को लंबे समय तक दबाकर रखा गया और पुलिस ने समय पर एफआईआर तक दर्ज नहीं की। कांग्रेस के अनुसार 21 मई को सुबह 10 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद जुलूस के रूप में शहीद स्मारक होते हुए भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचकर घेराव और विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

# भागवत कथा का शुभारम्भ

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रानी शक्ति महिला मंडल ने शास्त्री नगर में स्थित रानी शक्ति मंदिर में पुरषोतम/अधिक मास में भागवत कथा का आयोजन किया है। कथा पूरे अधिक मास चलेगी व कथा का समय शाम 5:30 बजे से 7 बजे होगा। कथा के प्रथम दिन शिवभगवान कम्मा, रामलाल पारीक, नन्दकिशोर महर्षि, एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने भागवत कथा की पूजा अर्चना की व कथा वाचक पंडित रमेश का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर दुर्गेश चोटिया, विजयकुमार बाँठोलिया, राजेन्द्र जालान, शंकर कम्मा, पवन खेमका, राजेन्द्र लाटा, चन्दा सोनी, रेखा लाटा, ममता जोशी, सुशीला खेमका, विमला नोहाल, सुमित्रा महर्षि, विमला पीपलवा व कई महिलायें मौजूद थी।

# कल दवा व्यापारियों का देशव्यापी बंद



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अवैध ई-फार्मेसी के संचालन और बड़े कॉरपोरेट्स की मनमानी नीतियों के विरोध में आगामी 20 मई को देशभर की दवा दुकानें बंद रहेंगी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर आयोजित इस एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद के समर्थन में सुजानगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है। ऑनलाइन दवाओं की अनियंत्रित बिक्री से बिना पर्चे की दवाएं और नकली दवाओं का खतरा बढ़ रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य संकट में है।

ज्ञापन में कॉरपोरेट्स की नीतियों का विरोध जताया गया है क्योंकि बड़े कॉरपोरेट्स द्वारा अत्यधिक छूट देकर छोटे केमिस्टों को खत्म करने की कोशिश की जा रही है। इसी प्रकार पुरानी अधिसूचनाओं की वापसी कोविड काल में लागू की गई आपातकालीन अधिसूचना को वापस लिए जाने की मांग भी की गई है। दवा विक्रेताओं ने चेतावनी दी है कि सरकार की अनदेखी के कारण देश के 12.40 लाख दवा व्यापारियों और उनसे जुड़े 5 करोड़ लोगों की आजीविका दांव पर लगी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान चूरू जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला सचिव अनिल कुमार शर्मा, सुजानगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष भोमाराम बिजारणियां, सचिव सुमनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सारड़ा, रावताराम कालेर, शंकर स्वामी, जितेंद्र सर्राफ, लक्ष्मीकांत गुर्जर, राहुल जैन, बजरंग रांकावत, अमित जैन, विशाल बाजिया, रामावतार खंडेलवाल सहित कई केमिस्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# बात-बेबात और विवाद



इसमें दो राय नहीं कि देश के प्रतिष्ठित व शीर्ष पदों पर विराजमान व्यक्तियों को अपने संस्थानों व सार्वजनिक मंचों पर अपनी बात रखने में अतिरेक में सावधानी बरतनी चाहिए। उससे निकलने वाले शब्दों के अर्थों के कई मायने निकाले जा सकते हैं।

ऐसी ही चर्चा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के हालिया बयानों को लेकर हुई। बताया जाता है कि एक अधिवक्ता द्वारा सीनियर का दर्जा दिए जाने के बाबत दायर याचिका पर खिन्न मुख्य न्यायाधीश ने प्रासंगिक संदर्भ में जो कहा, उसको लेकर सवाल उठे। बताया जा रहा है कि 'उन्होंने मौखिक तौर पर कहा कि समाज में पहले से ऐसे परजीवी हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं, और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं... कुछ युवा ऐसे हैं, जो रोजगार नहीं मिलने और पेशे में जगह न बना पाने के कारण 'कॉकरोच' की तरह हर जगह फैल जाते हैं। उसमें से कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर हर किसी पर हमला शुरू कर देते हैं।' निश्चय ही हाल के वर्षों में संपादक विहीन सोशल मीडिया में लोगों के अराजक व्यवहार को देखते हुए यह भले ही यह सत्य न हो, कुछ लोग इसे अर्धसत्य बताते हैं। लेकिन न्याय व्यवस्था के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति से इस विषय पर संवेदनशील ढंग से अभिव्यक्ति की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, बाद में जस्टिस सूर्यकांत ने 'कॉकरोच' वाले बयान पर कहा है कि 'मीडिया ने उनके शब्दों को गलत ढंग से पेश किया।'

उन्होंने अपनी मौखिक टिप्पणी के बाबत कहा कि उनकी बातों को इस तरह पेश किया गया जैसे उन्होंने देश के युवाओं की आलोचना की हो। उनका कथन था कि उनकी टिप्पणी केवल उन लोगों के खिलाफ थीं, जिन्होंने फर्जी या नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में प्रवेश किया है। ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य सम्मानित पेशों में घुस आए हैं, इसलिए परजीवियों की तरह हैं। उनका इशारा न्यायापालिका पर होने वाले अनुचित हमलों की तरफ था। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों की कानून की डिग्रियों की जांच प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ वकीलों द्वारा डाली जाने वाली सामग्री को देखकर उन्हें कई वकीलों की कानूनी डिग्रियों की प्रमाणिकता पर संदेह है। लेकिन इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों, सोशल मीडिया से जुड़े लोगों व सोशल एक्टिविस्ट ने सीजेआई की टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया दी हैं। राज्यसभा में एक राजद सांसद ने सार्वजनिक चिट्ठी लिखकर मुख्य न्यायाधीश की भाषा को लेकर चिंता जतायी। उनका कहना था कि बेरोजगारों, आरटीआई कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मियों और असहमति व्यक्त करने वालों की तुलना 'कॉकरोच' व 'परजीवी' से करना लोकतंत्र की मूल आत्मा और उसकी बुनियादी संवैधानिक संस्कृति को आहत करने वाला लगता है। आलोचकों का कहना है कि न्यायपालिका से आशा की जाती है कि वह संवैधानिक संयम व गरिमा की अंतिम शरणस्थली बनी रहे।

## विशेष आलेख

# पंजाब कांग्रेस के लिए केरल से सबक लेना जरूरी

"अच्छी-भली जीत को हार में बदलने का कांग्रेस पार्टी को मानो शौक ही है, राज्यों के हालिया विधानसभा चुनावों में यह काफी अच्छी तरह देखने को मिला; केरल में सबसे ज्यादा। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का नेतृत्व करते हुए 140 विधायकों वाली विधानसभा में 102 सीटें जीत ज़बर्दस्त बहुमत पाने के बावजूद दस दिन लग गए मुख्यमंत्री तय करने में, आखिर ,छह बार के विधायक वी.डी. सतीशन को अपना 'मुख्यमंत्री-निर्वाचित' घोषित कर जनता के बीच और अधिक किरकिरी होने से बचाया।

राजनीति में त्वरित व स्पष्ट निर्णय लेने जरूरी होते हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी ऐसा न करके मौके चूक रही है। केरल विधानसभा चुनाव में बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री चयन में देरी और गुटबाजी दिखी। वहीं पंजाब में गुटों में बंटी कांग्रेस चुनावी तैयारी को लेकर राहुल गांधी के फ़ैसले का इंतज़ार कर रही है। शायद पंजाब कांग्रेस को केरल के सतीशन प्रसंग से सबक लेना चाहिए।

यहां तक कि राहुल गांधी को भी यह अहसास हो गया था कि अपने सबसे खास सिपहसालार को 'ईश्वर के अपने देश' (केरल) में बतौर मुख्यमंत्री भेजना–यानी शक्तिशाली पार्टी महासचिव और संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल को,जिन्हें इस पुरानी व बड़ी पार्टी के सबसे ताकतवर नेता के 'आंख–कान' कहा जाता है–केरल के लोगों को बिल्कुल रास नहीं आएगा। हां, अगर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठा ही दिया जाता तो शायद लोग सुबह की कॉफी के साथ यह कड़वा घूंट निगल लेते। आखिरकार, जीतकर आए ज़्यादातर विधायक हफ्ता–दस दिन पहले तक वेणुगोपाल के ही खेमे में थे।

और फिर विरोध की आवाज़ें तेज़ होती गईं और माहौल बदल गया। लगता है कि वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने दखल दिया, जिससे निश्चित ही मदद मिली होगी। लेकिन असहमति का यह सुर दबा हुआ था– क्योंकि आखिर लोकसभा में विपक्ष के नेता के खिलाफ कौन खुलकर बोलने की हिम्मत करता? वह नेता जिसकी जियु–जित्सू मार्शल आर्ट की महारत, दुनिया के उनके नज़रिए का इतना अहम हिस्सा है, कि हाल ही में उन्होंने हिमाचल प्रदेश में संपन्न एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान पंजाब कांग्रेस के नेताओं प्रताप बाजवा और राजा वड़िंग से दंड–बैठकें लगवा दीं; लेकिन उस खबर के लिए आपको मेरे सहयोगी राजमीत सिंह का लेख पढ़ना होगा– अंतत: वडासेरी दामोदरन सतीशन के पक्ष में माहौल बन गया (उनके नाम का पहला भाग वडासेरी, जिसे थरावड भी कहते हैं, घर का नाम है, बीच वाला उनके पिता का नाम व आखिरी अंश उनका अपना नाम है)। लेकिन ठीक उसी तरह, जैसे केरल के कांग्रेसी महिला व पुरुष गुरुवायूर में देवता के चरणों में नारियल फोड़ते हैं–विधायकों को सतीशन के पक्ष में झुकना पड़ा, इस तथ्य के मद्देनज़र कि अगले पांच साल तक उन्हें नहीं बल्कि राहुल गांधी को वेणुगोपाल से सीधे तौर पर बरतना है;साथ ही, दिल्ली में जो कुछ होता है, वह दिल्ली में ही रहना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता दत्तात्रेय होसबाले ने गत सप्ताह की शुरुआत में पाकिस्तान को लेकर सनसनीखेज बयान दिया कि : 'पुलवामा हमले जैसी 'छिटपुट घटनाओं' के बावजूद,लोगों के आपसी संवाद का अधिकाधिक मौका देकर कोशिश की जानी चाहिए। नागरिक स्तर के संबंध कारगर हो सकते हैं,



क्योंकि हम एक ही राष्ट्र रहे हैं। देश की सुरक्षा और आत्म–सम्मान कायम रहे, लेकिन हमें दरवाज़े बंद करने की ज़रूरत नहीं। सदा उनसे संवाद को तैयार रहना चाहिए। व्यापार, वाणिज्य और वीज़ा जारी करना बंद न हो। बातचीत के लिए सदा खिड़की खुली रहे'। होसबाले ने यह साक्षात्कार न्यूज एजेंसी पीटीआई को ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ के चंद दिन बाद दिया। यह कथन कई कारणों से खास है। पहला,बतौर संघ 'सहकार्यवाह' यानी संगठन में दूसरे सबसे वरिष्ठ व्यक्ति होसबाले एक शक्तिशाली नेता हैं, जिनके शब्दों को हल्के में नहीं लिया जा सकता। दूसरा, यह इसका संकेत है कि आरएसएस समकालीन मुद्दों से लगातार जुड़ा रहता है। तीसरा, भले ही ये टिप्पणी सरकार की इस लीक से अलग हो कि 'आतंक और बातचीत साथ–साथ नहीं चल सकते', फिर भी इस कथन को उस नीति की पुनर्समीक्षा की ज़मीन तैयार करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। (फिलहाल, ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ) चौथा, ये साक्षात्कार न्यूज़ एजेंसी को दिया गया, जिससे संकेत मिलता है कि आरएसएस की मंशा थी कि साक्षात्कार बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंच सके। पांचवां, यह टिप्पणी होसबाले के अमेरिका से लौटने के तुरंत बाद आई है; वे शायद वहां कई तरह के लोगों से मिले होंगे, जिन्होंने उन्हें पाकिस्तान और चीन के संदर्भ में बदलते वैश्विक परिदृश्य का बोध करवाया होगा–याद रहे, अमेरिका में आरएसएस की मज़बूत मौजूदगी है और वह भारतीय मूल के लोगों के एक बड़े तबके से गहराई से जुड़ा है। छठा, उनके कथन पर एक तरह से चुप्पी छाई रही, जिससे पता चलता है कि देश अभी भी उनके शब्दों का भार जज़्ब करने की कोशिश कर रहा है। सातवां, केवल पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज नरवाणे और जम्मू–कश्मीर के नेता फ़ारूक़ अब्दुल्ला ने उनकी कही बात का स्वागत किया। फ़ारूक़ अब्दुल्ला ने कहा-'अपनी समस्याएं सुलझाने को हमें सदा बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए'। आठवां, पाकिस्तान ने इन टिप्पणियों को 'सकारात्मक घटनाक्रम' बताया व उम्मीद जताई कि भारत में 'समझदारी' बनी रहेगी। निश्चित रूप से, पाकिस्तान को 'ऑपरेशन सिंदूर' से एक रणनीतिक सबक सीखना चाहिए –कि वह जब चाहे अपनी मर्ज़ी से, आतंकवाद का नल खोल या बंद नहीं कर सकता; कई दशकों से रावलपिंडी मुख्यालय में बैठे पाकिस्तानी फौजी जनरलों की साजिशों से भारत को बहुत ज़्यादा नुकसान उठाना पड़ा। पंजाब से बेहतर यह कोई नहीं जानता; सीमावर्ती राज्य होने के नाते, पंजाब ने पाकिस्तान की उस रणनीति का सर्वाधिक खमियाज़ा भुगता, जिसके तहत वह 'हज़ार घाव देकर भारत को लहूलुहान करते रहने' की नीति जारी रखे है–अपनी सुविधानुसार आतंकवाद कभी गैंग–वाद का रूप धर लेता है, तो कभी जानलेवा नशीले पदार्थों की तस्करी का। ज़ाहिर है, पाकिस्तान को यह अहसास नहीं होने दिया जा सकता कि उसे बरी कर दिया गया, भले ही डोनाल्ड ट्रंप अपने 'पसंदीदा फील्ड मार्शल' को डोरे डाल रहे हों। और गत सप्ताह की विडंबना यही रही–कि कांग्रेस, जो एक स्व–घोषित धर्मनिरपेक्ष संगठन है, उसने होसबाले के पाकिस्तान से रिश्ते सुधारने के कदम का स्वागत करने के बजाय टालमटोल वाली आलोचना की है। वहीं दूसरी ओर, आरएसएस, जो खुद को हिंदुत्व का स्वयंभू पैरोकार मानती है,'अखंड भारत' का तर्क देते हुए पाकिस्तान के मुसलमानों की ओर हाथ बढ़ा रही है, यह कहकर :'चूंकि हम एक राष्ट्र रहे हैं',लिहाजा हमें उनसे बातचीत करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए। आप यह सवाल पूछ सकते हैं- कांग्रेस सही काम करने से इतना क्यों डरती है? केरल में वह किसी तरह खुद को बचा पाई, लेकिन तमिलनाडु में उसने अपने पुराने सहयोगी डीएमके को छोड़कर सत्ताधारी टीवीके से गठबंधन कर लिया–जबकि टीवीके को अब कांग्रेस की भी ज़रूरत नहीं रही, अब उसके पास भाजपा की पुरानी सहयोगी, किंतु अब अलग हो चुकी, एआईएडीएमके से टूटे एक गुट का समर्थन है। वहीं बंगाल में, उसने ममता बनर्जी की टीएमसी के विरुद्ध चुनाव लड़कर 'इंडिया' गठबंधन को भंग कर डाला– जिससे विपक्षी वोटों का बंटवारा हो गया– और यह सब सिर्फ़ इस खातिर कि टीएमसी की हार से राहुल गांधी अपने कार्यकर्ताओं का मुंह बंद करा सकेंगे।

## आज का राशिफल

### मेष
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

### वृष
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

### मिथुन
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

### सिंह
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

### कन्या
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

### तुला
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

### वृश्चिक
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

### मकर
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

### कुंभ
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने–पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। काम का उत्साह बना रहेगा।

### मीन
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों पर लगाएं सरसों तेल और अंडे से बना हेयर मास्क, मुलायम और खूबसूरत बनेंगे

क्या आप लंबे, मजबूत और घने बाल चाहते हैं? क्या आप अपने बालों की ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं? अधिकतर लोग खूबसूरत, मजबूत और काले बालों की चाहत रखते हैं। कुछ लोगों के बाल पहले से ही खूबसूरत होते हैं, तो कुछ लोग बालों पर तरह–तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप नैचुरल तरीके से बालों को खूबसूरत बनाना चाहते हैं, तो सरसों के तेल और अंडे का उपयोग कर सकते हैं। सरसों के तेल और अंडे का कॉम्बिनेशन बालों को खूबसूरत, मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। आपको बता दें कि सरसों का तेल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व सिर्फ सेहत के लिए नहीं बल्कि बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। सरसों का तेल लगाने से डैंड्रफ से छुटकारा मिल सकता है। बालों की ग्रोथ होती है और बाल चमकदार बनते हैं। इसके साथ ही अंडे का उपयोग भी बालों को खूबसूरत बनाने के लिए किया जा सकता है। अंडा बालों को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही बालों और स्कैल्प से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करने में सहायक होते हैं।



**बालों को सफेद होने से रोके :** उम्र बढ़ने पर बालों का सफेद होना बेहद सामान्य है। लेकिन कई लोगों को उम्र पहले ही बालों के झड़ने की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन आप अपने बालों को सफेद होने से रोक सकते हैं। बालों पर सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाने से बालों को सपेद होने से रोकने में मदद मिल सकती है। बालों को काला बनाए रखने के लिए आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को सप्ताह में 2–3 बार लगा सकते हैं।

**डैंड्रफ से छुटकारा दिलाए :** अगर आपके स्कैल्प या सिर पर डैंड्रफ है, तो भी आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप सरसों के तेल में अंडा, एलोवेरा जेल और हंग कर्ड डालें। अब इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगा लें। आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 2–3 बार सरसों का तेल और अंडे को बालों पर लगाने से डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल सकता है।

**बालों की ग्रोथ करे :** अगर आपके बाल छोटे हैं और बालों की ग्रोथ करना चाहते हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को अप्लाई कर सकते हैं। बालों की जड़ों पर सरसों के तेल और अंडा पेस्ट को लगाने से बालों को लंबा किया जा सकता है। दरअसल, सरसों का तेल और अंडा स्कैल्प पर ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाते हैं। ऐसे में बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

**हेयर फॉल रोके :** अगर आपके बाल झड़ रहे हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क लगा सकते हैं। सरसों का तेल और अंडा हेयर फॉल को रोकने में मदद कर सकते हैं। दरअसल, अंडे में प्रोटीन होता है। ऐसे में अंडा बालों को मजबूत बनाता है, बालों को पोषण प्रदान करता है। इससे बालों के झड़ने की समस्या दूर हो सकती है।

**बालों को कंडीशन करे :** अगर आपके बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी है, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। साथ ही सरसों का तेल बालों को हाइड्रेट करता है। अगर आप सप्ताह में 2–3 बार सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाएंगे, तो इससे बाल कंडीशन होते हैं।

# हेल्थ और ब्यूटी के लिए रामबाण है अमरूद

सर्दियों के मौसम में आने वाला फल अमरूद स्वाद में लाजवाब होता है। इस ट्रॉपिकल फल को अधिकतर लोग खाना पसंद करते हैं।



### 3 दोषों को करते हैं संतुलित

अमरूद प्रकृति में ठंडे होते हैं और स्वाद में कसैले, मीठे और खट्टे होते हैं। इसी के साथ ये 3 दोषों– वात, पित्त और कफ को संतुलित करते हैं। अमरूद डायट्री फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, मिनरल्स, पोटेशियम, कॉपर, मैंगनीज से भरपूर होते हैं। अमरूद में कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों होते हैं जो उन्हें एंटी–एजिंग और एंटी–कैंसर गुणों के साथ त्वचा और बालों के लिए सबसे अच्छा बनाते हैं।

### फल के पत्ते और छाल के भी हैं फायदे

अमरूद फल, पत्ते और छाल सभी भाग औषधि के रूप में इस्तेमाल होते हैं। ये एसिडिटी, पीरियड्स में ऐंठन, मुंह के छाले, माइग्रेन सिरदर्द से राहत दिलाता है।

### कैसे इस्तेमाल करें अमरूद

**अमरूद पत्तों से काढ़ा :** मासिक धर्म की ऐंठन, अम्लता, डायबिटीज और बालों को हेल्दी रखने के लिए आप काढ़ा बना सकते है। इसे बनाने के लिए 4 कप पानी में 7 से 10 पत्ते उबालें। फिर इसे जब तक उबालें जब तक की यह आधा न रह जाए। फिर इसे खाली पेट दिन में 1–2 बार पीएं।

### काढ़े के फायदे

- इस काढ़े से गरारे करने से मुंह के छाले खत्म होते हैं। इसी के साथ मसूड़ों से खून आना बंद हो जाता है और ये मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है।
- इस काढ़े से अपने बालों को धोने से बालों का झड़ना रोकने में मदद मिलती है। इसी के साथ हेल्दी बालों के ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है।

**अमरूद पत्तों का पेस्ट :** अमरूद के ताजे पत्तों का पेस्ट सूजन, बुखार, सिरदर्द और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है।

**अमरूद का फल के तौर पर खाएं :** अपनी भूख के अनुसार 1–2 अमरूद एक दिन में खाए जा सकते हैं।

# मेंटल हेल्थ को इन तरीकों से लाभ पहुंचाती है रीडिंग हैबिट

ऐसा कहा जाता है कि हर व्यक्ति को पढ़ने की आदत होनी चाहिए। यहां तक कि पैरेंट्स बच्चों को बचपन से ही कहानियां पढ़कर सुनाते हैं और उनकी किताबों से दोस्ती करवाते हैं। लेकिन पढ़ना सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि बड़ों को भी लाभ पहुंचाता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि किताबें पढ़ने की आदत से व्यक्ति का ज्ञान बढ़ता है। साथ ही साथ, यह व्यक्ति की मेंटल हेल्थ के लिए बेहद लाभदायी है। चाहे आप तनाव में हों या फिर खुद को अधिक आशावादी बनाना चाहती हों, आपको पढ़ने की आदत को अपनाना चाहिए।

**तनाव होता है छूमंतर :** जो लोग नियमित रूप से पढ़ते हैं, उनमें अपेक्षाकृत तनाव का स्तर काफी होता है। दरअसल, जब आप किसी किताब या कहानी को पढ़ते हैं। तो आप उसी कहानी में खो जाते हैं और कहीं ना कहीं खुद को भी उस कहानी से जुड़ा हुआ पाते हैं। जिसके कारण कुछ वक्त के लिए आप अपनी परेशानियों व समस्याओं को भूल जाते हैं। ऐसे में आपका तनाव कम होता है। इतना ही नहीं, पढ़ने के बाद व्यक्ति अपनी कल्पनाओं में उस कहानी या कथा में कहीं ना कहीं विचरता है, जिससे उसका स्ट्रेस लेवल काफी कम हो जाता है।

**जीवन को देखने का बदलता है नजरिया :** पढ़ने की आदत का एक सबसे अच्छा फायदा यह है कि यह आपके जीवन के देखने के नजरिए को बदलता है और इससे आपकी मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर पड़ता है। अधिकतर लोगों के दुख व तनाव का मुख्य कारण उनकी सोच ही होती है। जो लोग हमेशा अपने जीवन में नेगेटिविटी देखते हैं, वे मानसिक तौर पर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन वहीं अगर आप इंस्पिरेशनल स्टोरीज पढ़ते हैं तो आपको यह समझ में आता है कि हर अंधकार के बाद एक उजाला अवश्य होता है। इस तरह पढ़ने की आदत से व्यक्ति का दृष्टिकोण अधिक आशावादी बनता है, जिसके कारण उसकी मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक असर पड़ता है।

**सोच का बढ़ता है दायरा :** पढ़ने की आदत आपकी सोच का भी दायरा बढ़ाती है। अमूमन लोग अपने जीवन में किसी परिस्थिति या परेशानी के आने पर विचलित हो जाते हैं और मानसिक रूप से परेशान रहने लगते हैं। लेकिन जिन लोगों को पढ़ने की आदत होती है, वे मानसिक रूप से अधिक स्टेबल होते हैं। दरअसल, पढ़ने के कारण उनका ज्ञान काफी अधिक होता है। ऐसे में वह परिस्थिति का आंकलन अधिक बेहतर तरीके से कर पाते हैं, क्योंकि रीडिंग हैबिट के कारण उनकी सोच का दायरा बढ़ जाता है। उनकी सिचुएशन से मिलती–जुलती सिचुएशन और उससे निकलने के हल के बारे में उन्होंने कहीं ना कहीं पढ़ा होता है। जिससे वह तनावग्रस्त होने के स्थान पर मेंटली रिलैक्स हो जाते हैं।

**बेहतर रिलैक्सिंग तकनीक :** बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए प्रतिदिन कुछ समय रिलैक्स करना आवश्यक होता है। अक्सर लोग मोबाइल या टीवी को रिलैक्सिंग तकनीक के रूप में अपनाते हैं, लेकिन अतिरिक्त स्क्रीन टाइम आपकी आंखों व मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है।

# भागवत कथा व 56 भोग महोत्सव की धूम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ मंदिर में 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण, दर्शन और 56 भोग महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जा रहा है। श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव के तहत सोमवार से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा प्रारंभ से पूर्व मुख्य यजमान बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना की। कथा व्यास बड़ौदा के गिरिराज जी शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भागवत रसपान कराते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात भगवान श्रीकृष्ण का वांग्मय स्वरूप है और इसका श्रवण मनुष्य को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को दृढ़ करती है तथा कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की शरण में आने और कथा श्रवण से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इस अवसर पर श्री अनारामधाम वैदिक पीठाधीश्वर वेदमूर्ति गुरुजी महाराज महेंमदाबाद, गुजरात ने भी कथा श्रवण किया। महोत्सव के दौरान मंदिर में निकुंज फलों के हिंडोले की आकर्षक झांकी सजाई गई। आगामी दिनों में महाप्रभु 84 बैठक मनोरथ, यमुनाजी में नौका विहार, कैरी मनोरथ, कमल तलाई, ब्याहुला, खस महल, गिर्राज जी की कंदरा, फूलों की सांझी, गौचारण एवं अष्ट सखी द्वार सहित विभिन्न मनोरथों की भव्य झांकियां सजाई जाएगी। श्रद्धालु प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक झांकियों के दर्शन कर सकेंगे। मंडल अध्यक्ष गोविंद मालपानी एवं कोषाध्यक्ष सोहनलाल अग्रवाल टुकड़ेवाला ने बताया कि महोत्सव के दौरान विद्वानों द्वारा प्रतिदिन भागवत के मूल श्लोकों का पाठ भी किया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो रहा है। इस अवसर पर नारायण लाल अग्रवाल, लक्ष्मण, ओमप्रकाश मांधना, सरोज चावला, रामसहाय मांधना, सुनील कपूर, संजय बांगड़, भरत मालपानी, प्रमोद कोटेवाला, गोवर्धन भगत, रेखा भगत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पुलिस कप्तान के माही की दस्तक, ज्ञापन देकर न्याय की गुहार

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** किन्नर समाज से प्रताड़ित माही शेखावत ने लगातार हो रहे अत्याचारों को लेकर पुलिस कप्तान प्रवीण नायक के यहां दस्तक दी है। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर माही शेखावत ने पुलिस कप्तान प्रवीण नायक को ज्ञापन देकर मारपीट, बाल पकड़ने व धर्म परिवर्तन करने की शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार की है। माही ने ज्ञापन में बताया कि इस संबंध में रिपोर्ट दी गई थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में जब किन्नर समुदाय से आपसी बात करने की कोशिश की गई तो समुदाय की पायल बाई, पिंकी बाई व लवली बाई ने राजीनामा के नाम पर 25 लख रुपए की फिरौती मांगते हुए वापस साथ मिलाने की बात कही। मांगी गई राशि नहीं देने पर तरह-तरह से परेशान करते हुए साथी ढोलक वादक कालू को भी जान से मारने की धमकी दी। इन तमाम घटनाओं के सबूत भी उनके पास उपलब्ध है। शेखावत ने आए दिन मारपीट करने पर उतारू होने वाली किन्नर समुदाय की तथाकथित पायल बाई, पिंकी बाई व लवली बाई के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## बेकाबू कार पलटने से होटल संचालक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करणी विहार थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां सिरसी रोड पर बेकाबू कार पलटने से एक होटल संचालक की मौत हो गई, जबकि कार चालक घायल हो गया। हादसे के बाद कार में सवार अन्य युवकों ने खिड़कियों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि हादसे में पलसाना निवासी 26 वर्षीय सुरेंद्र सिंह शेखावत की मौत हो गई। सुरेंद्र सिरसी रोड स्थित सैफरॉन होटल का संचालन करते थे। रविवार रात करीब 12 बजे वह अपने दोस्तों के साथ दो गाड़ियों में 200 फीट बाइपास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान जयपुर बेकरी के सामने तेज रफ्तार कार डिवाइडर से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के समय कार की रफ्तार 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक बताई जा रही है। कार पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। कार में सुरेंद्र ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद कार में सवार पांच अन्य युवकों ने खिड़कियों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। साथियों और स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर घायल सुरेंद्र सिंह शेखावत और कार चालक अशोक बिश्नोई निवासी जोधपुर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल चालक अशोक का उपचार जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का क्षत-विक्षत शव मिला

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रा पथ थाना क्षेत्र में दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर सोमवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रारंभिक जांच में युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत होना सामने आ रहा है। सूचना पर पहुंची जीआरपी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक पर युवक का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि शव दो टुकड़ों में बंटा हुआ था। युवक का धड़ कमर से अलग हो चुका था तथा दाहिना हाथ भी शरीर से अलग पड़ा मिला। पुलिस ने शव के सभी हिस्सों को एकत्रित कर अस्पताल भिजवाया। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पहचान के लिए पुलिस ने युवक के शरीर पर बने टैटू के आधार पर जांच शुरू की है। मृतक के दाहिने हाथ पर अंग्रेजी में ममता-जयराम लिखा हुआ है, साथ ही ओम और मोर का टैटू बना है। वहीं बाएं हाथ की कलाई पर तीन तारे और दिल का निशान गुदा हुआ है। जीआरपी पुलिस मृतक की पहचान और उसके परिजनों की तलाश में जुटी हुई है।

# प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप ने विधायक पर लगाए बाबा साहेब की मूर्ति की अनदेखी करने का आरोप

## विधायक ने कहा बस स्टैड पर प्रस्तावित मूर्ति का मामला है अलग

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगर परिषद के सामने विभिन्न मांगों को लेकर पिछले 16 दिनों से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना लगातार जारी है। इसी मुद्दे को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पलटवार किया। बाबूलाल कुलदीप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासनकाल में नगर परिषद सभापति और विधायक द्वारा विकास कार्यों के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया। उन्होंने विधायक मनोज मेघवाल एवं निवर्तमान सभापति नीलोफर गौरी पर निशाना साधते हुए कहा कि नगर परिषद की बैठक में 24 फरवरी 2022 को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया तथा पूर्व मंत्री रहे स्व. मास्टर भंवरलाल मेघवाल की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया था और तीनों मूर्तियां एक साथ लगाई जानी थी। कुलदीप ने आरोप लगाते हुए कहा कि तीन मूर्तियों के एक साथ प्रस्ताव होने के बावजूद भी विधायक मनोज मेघवाल ने आयुक्त पर अनुचित दबाव बनाकर 14 अगस्त 2023 को केवल स्व. मास्टर भंवरलाल मेघवाल की प्रतिमा पुराने बस स्टैंड पर लगाने का प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाया, जिसको बाद में जिला कलक्टर ने खारिज कर दिया। बाबूलाल कुलदीप ने आरोप लगाया कि जिस बाबा साहेब के कारण मनोज मेघवाल विधायक बने, उन्हें दरकिनार करते हुए विधायक ने केवल अपने स्वर्गीय पिता की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव तैयार कराया, यह काफी निंदनीय है और उनको सुजानगढ़ की जनता से इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। कुलदीप ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस प्रकार के मंसूबों का लगातार विरोध करेंगे। विधायक को तीनों मूर्तियां एक साथ लगाने की बात करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विधायक मनोज मेघवाल अब जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि वो पुराने बस स्टेंड पर केवल अपने स्व. पिता की मूर्ति लगाने में रूचि रखते हैं।

दूसरी ओर इस मामले को लेकर विधायक मनोज मेघवाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि बोर्ड से 2022 में प्रस्ताव पारित हुआ था, वो तीनों मूर्तियां एक साथ लगनी हैं, यह यही बात है। लेकिन बस स्टेंड पर जिस मूर्ति के प्रस्ताव की बात की जा रही है, वो पर्सनल लगनी है। इसके लिए हम लोगों ने अलग फाइल चला रखी थी, बोर्ड वाला मामला अलग है और बस स्टेंड पर मूर्ति लगने वाला मामला अलग है। बाबा साहेब की मूर्ति समाज की ओर से लगनी है, जो लगकर रहेगी।

## सूने मकान में नकबजनी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने किशोरपुरा रोड स्थित सूने मकान में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मकान के ताले तोड़कर नकदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 15 हजार रुपए की नकदी बरामद कर ली है जबकि अन्य चोरीशुदा माल की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने किशोरपुरा रोड स्थित सूने मकान में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी नवीन सिघाटिया निवासी पिलानी जिला झुंझुनूं कालवाड़ जयपुर को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि परिवादी ने 15 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 अप्रैल को पिता के निधन के कारण वह गांव गया हुआ था। इसी दौरान किशोरपुरा रोड स्थित उसके सूने मकान के ताले तोड़कर चोर घर में रखे 15 हजार रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

## स्टंट के दौरान बेकाबू कार बेकरी में घुसी, 5 घायल

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में तेज रफ्तार और स्टंटबाजी एक बार फिर हादसे का कारण बन गई। करणी विहार थाना क्षेत्र में रविवार देर रात सिरसी रोड स्थित विशनावाला इलाके में स्टंट कर रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क किनारे स्थित एक बेकरी में जा घुसी। हादसे में कार सवार पांच युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। करणी विहार थानाधिकारी हवा सिंह यादव ने बताया कि युवक तेज गति से कार दौड़ाते हुए स्टंट कर रहे थे। इसी दौरान चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार पलटते हुए बेकरी में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि घायलों में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा हादसे के कारणों और वाहन की रफ्तार को लेकर पड़ताल की जा रही है।

## शाम के समय खुलने लगा पार्क



सुजानगढ़ (नवयत्न)। गांधी चौक स्थित नेहरू पार्क शाम के समय में आमजन के लिए खुलने लगा है। जानकारी के अनुसार तीन-चार दिन से ये पार्क रोज शाम को सात बजे लेकर रात के नौ बजे तक खोला जा रहा है। गार्ड से बात करने पर उन्होंने बताया कि अभी शाम के दो घंटे पार्क खोलने के लिए कहा गया है। दूसरी ओर पार्क के खुलने से लोगों को गांधी चौक में ही सुंदर कृत्रिम झरने का लुत्फ मिल रहा है। अनेक लोग झरने और पार्क की मूर्तियों के साथ सेल्फी लेते भी नजर आए। पार्क में भगवान शंकर, महर्षि दधिचि का फव्वारे के उपर मूर्तियां भी स्थापित की गई हैं। आपको बता दें कि इसी पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां स्थापित किए जाने की मांग को लेकर नगरपरिषद के बाहर अजय ढ़ेनवाल की टीम द्वारा धरना दिया जा रहा है।

## खींचड़ की पुण्यतिथि पर समिति ने की गौ सेवा

नवरतन वर्मा



रतनगढ़ (नवयत्न)। देवकिशन स्मृति सेवा समिति के वरिष्ठ संरक्षक इन्द्राज खींचड़ के भतीजे स्व. डॉ राम प्रसाद खींचड़ की पुण्य तिथि पर पींजरापोल गौशाला में गौवंश को खल लापसी खिलाई गई व श्रीकृष्ण पिंजरापोल गौशाला व चिकित्सालय में उदासर के पुज्य संत दयानाथ महाराज के सानिध्य में 45 हजार की दवाईयां व सर्जीकल सामग्री प्रदान की। गौशाला समिति के वासुदेव चाकलान व अंजनी कुमार ने संतश्री का स्वागत अभिनन्दन किया व निरन्तर बहुमूल्य सहयोग के लिए समिति का धन्यवाद किया। दयानाथ महाराज ने गौशाला का अवलोकन किया व गौवंश को गुड़ खिलाया। अपना घर में भी समिति द्वारा प्रभु जनों को भोजन करवाया गया।

# कांग्रेस नेताओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय जलदाय विभाग सहायक अभियंता कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेयजल किल्लत की समस्या के विरोध में मटका फोड़ प्रदर्शन किया। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी के नेतृत्व में लोगों ने सहायक अभियंता सुनील कुमार का घेराव कर बिना भेदभाव के टैंकरों से पानी की सप्लाई किए जाने की मांग की तथा पेयजल किल्लत पर आक्रोश जताया। कांग्रेस नेता प्रदीप तोदी, मोहम्मद इदरीश गौरी, ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के सह संभाग प्रभारी बजरंग सैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष फारूक भूट्टा आदि ने अधिकारी से टैंकरों की नियमित सप्लाई की वार्डवार जानकारी दिए जाने की मांग की। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाए कि प्रत्येक वार्ड में समान रूप से पानी के टैंकर क्यों नहीं भेजे जा रहे। कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी करते हुए सहायक अभियंता कार्यालय में सांकेतिक धरना भी दिया। इस पर सहायक अभियंता सुनील कुमार, कनिष्ठ अभियंता रवि शर्मा ने जानकारी दी कि अब नहरबंदी खत्म हो रही है तो जल्द ही क्षेत्र में पानी की व्यवस्था ठीक हो जायेगा।

प्रदर्शन के दौरान निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष फारुख भुट्टा, कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल, ओबीसी कांग्रेस के बीकानेर सह प्रभारी बजरंग सेन, सुनीता रावतानी, निवर्तमान पार्षद मधु बागरेचा, विद्याप्रकाश बागरेचा, निवर्तमान पार्षद इकबाल खान कायमखानी, असलम मौलानी, तरुण सियोता, बिलाल भूट्ट, सलीम गौरी, रामनिवास गुर्जर, कन्हैयालाल माली, रामावतार शर्मा, बशीर फौजी सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** हम कामगार समाज के बेनर तले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी मिथलेश कुमार को कामगार समाज के अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल के नेतृत्व में प्रदेश में कामगार समाज के साथ हो रहे अन्याय व अत्याचार के संबंध सहित विभिन्न घटनाओं को ध्यान में रखते हुए व श्रीगंगानगर विधायक द्वारा कामगार समाज के अनुसुचित जाति के जेईएन के साथ मारपीट और बदसलूकी को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जालेउ में दबंगों द्वारा कामगार समाज के परिवार के साथ मारपीट, खैरथल तिजारा में विधायक महंत बालक नाथ द्वारा जेईएन को डांटने के बहाने कामगार समाज की जाति का अपमान किया गया जिससे कामगार समाज की समाज की भावना आहत हुई।

रामसीसर भेडिवालिया गांव में कामगार समाज के मेघवाल जाति के व्यक्ति को आत्महत्या के लिए मजबुर करना, पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र कुमार बबेरवाल के घर पर हुई फायरिंग के मामले में मुख्य आरोपी पर तुरंत कार्रवाई करके भविष्य में में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु उचित कार्यवाही करें। इस अवसर पर संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, मोहनलाल सैनी, राजलदेसर कामगार समाज अध्यक्ष जयचंद महावर, पवन मारू, फकीर चंद दानोदिया, भंवरलाल जसैल, वीरेंद्र कुमार बुनकर, गिरधारी लाल सैनी, सत्यनारायण सुथार, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, मेघवाल समाज अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, नितेश हर्षवाल, नंदलाल सैनी, शंकरलाल माली, महेश कुमार कोटवाल, गोविन्द पंवार, सहित सैकड़ों प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## पता पूछने के बहाने कैटरिंग कर्मी से 35 हजार लूटे

जयपुर (नवयत्न)। ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने एक कैटरिंग कर्मी से 35 हजार रुपए लूट लिए। बदमाशों ने पता पूछने के बहाने युवक को रोका और फिर बाइक पर बैठाकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार भरतपुर जिले के उच्चैन निवासी संगीराम घाटगेट इलाके में किराए से रहकर कैटरिंग का काम करता है। सोमवार सुबह करीब सवा 11 बजे वह रोटरी सर्किल पर भरतपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर आए दो युवकों ने उससे एक पते के बारे में पूछताछ की। बदमाशों ने जगह की जानकारी नहीं होने की बात कहकर संगीराम को बाइक पर बैठाकर साथ चलने के लिए कहा।

रास्ते में बातचीत के दौरान जब उन्हें पता चला कि युवक गांव जाने के लिए रुपए लेकर जा रहा है, तो दोनों ने उसे डरा-धमकाकर जेब में रखे 35 हजार रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने पहुंचकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

## हिट एंड रन में महिला लेक्चरर की मौत, पति घायल

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना इलाके में दर्दनाक हिट एंड रन हादसे में एक महिला लेक्चरर की मौत हो गई जबकि उनके पति घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। हेड कांस्टेबल नाहर सिंह ने बताया कि मृतका भावना वशिष्ट पत्नी मुकुल निवासी आनंद विहार रेलवे कॉलोनी जगतपुरा थी जो एक निजी कॉलेज में लेक्चरर के पद पर कार्यरत थी। रविवार देर रात वह पति के साथ खाना खाने के बाद टहलने निकली थी। सीबीआई फाटक के पास पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने दंपती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

# जिला चिकित्सालय का जननी प्रसुति व बच्चा वार्ड गोद लिया

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय जिला चिकित्सालय में जननी प्रसुति वार्ड व बच्चा वार्ड को अब देवकिशन स्मृति सेवा समिति द्वारा गोद लिया गया है। उदासर के संत दयानाथ महाराज ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार, डॉ सुखवीर कस्वां, डॉ सीताराम कावलिया की उपस्थिति में नव सुसज्जित वार्डों का उद्घाटन किया गया। संतश्री ने वार्डों का अवलोकन किया व भर्ती रोगियों को फल वितरित किए। उन्होंने मातृशक्ति व नवजात शिशुओं की चिकित्सकीय सुविधाओं को आराम दायक व स्वास्थ्य परक बनाने के लिए समिति सदस्यों के सहयोग पर हर्ष व्यक्त करते हुए आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व समिति के वरिष्ठ संरक्षक इन्द्राज खींचड़, सीताराम जांगिड़, देवेन्द्र यादव, सीताराम दाधीच ने संतश्री का शाल व भगवा वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेन्द्र कुमार ने साज सज्जा व सफाई व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्था को धन्यवाद दिया। समिति अध्यक्ष विश्वनाथ सोनी ने सीताराम जांगिड़ की देखरेख में एक माह तक चले रंग रोगन व ढांचागत सुविधाओं में सुधार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के सांवरमल जांगिड़, राधेश्याम पारीक, रणजीत सिंह चौधरी, वैध लक्ष्मीनारायण शर्मा, रामचंद्र शर्मा, अरूण कुमार शर्मा सीए,, भुवनेश कुमार इन्दौरिया सीए, रामरतन प्रजापत, दिनेश भाटी, सचिन दाधीच, कुलदीप व्यास, अमित फोगला, ऋषभ यादव, राजकुमार चौधरी, मोतीलाल तातेड़, वासुदेव चाकलान, चिरंजीलाल जांगिड़, राजकुमार जांगिड़, सतनारायण जांगिड़, वंदित सहित कई गणमान्यजन व अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे।

# हाईटेक आईपीएल सट्टे का भंडाफोड़ : 1.90 लाख नकदी सहित बुकी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले की चंदवाजी थाना पुलिस ने आईपीएल सीजन के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में संचालित हाईटेक सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। जहां पुलिस ने अचरोल कस्बे में दबिश देकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन हार-जीत का दांव लगवाने वाले एक शातिर बुकी को गिरफ्तार किया है। मौके से 1.90 लाख नकद, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बैंक दस्तावेज और सट्टे के हिसाब-किताब से जुड़ी डायरी बरामद की गई है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद ने बताया कि आईपीएल सीजन के दौरान बढ़ रही ऑनलाइन सट्टेबाजी,, जुए और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रणवीर सिंह एवं वृत्ताधिकारी रामकिशन विश्नोई के सुपरविजन में चंदवाजी थानाधिकारी एवं प्रोबेशनर आईपीएस नितिन चौधरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। इसी दौरान कांस्टेबल रोहिताश बराला को सूचना मिली कि अचरोल के कारीगरों के मोहल्ले में बड़े स्तर पर ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने आरोपी के मकान पर ताबड़तोड़ दबिश दी। पुलिस जब कमरे में पहुंची तो वहां एलईडी टीवी पर लाइव आईपीएल मैच चल रहा था और आरोपी मोबाइल फोन के जरिए हर गेंद और रन पर हार-जीत के दांव लगवा रहा था। कमरे में नकदी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक और हिसाब-किताब की डायरियां बिखरी पड़ी थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपित विष्णु कुमार शर्मा निवासी अचरोल थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण को मौके से गिरफ्तार किया। वहीं तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.90 लाख नकद, तीन एंड्रॉइड मोबाइल, दो साधारण मोबाइल, 40 इंच की एलईडी टीवी, विभिन्न बैंकों के 8 एटीएम कार्ड, 7 बैंक पासबुक, 4 चेकबुक तथा सट्टे के हिसाब-किताब की मुख्य डायरी बरामद की। पुलिस के अनुसार आरोपी मोबाइल एप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों से ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह लंबे समय से इस अवैध कारोबार में सक्रिय था और आईपीएल मैचों के दौरान लाखों रुपए का लेनदेन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस आरोपी के नेटवर्क, बैंक खातों, मोबाइल डेटा और उससे जुड़े अन्य सटोरियों की जानकारी जुटाने में लगी है। वहीं इस कार्रवाई में एएसआई संतोष कुमार, एएसआई लीलाधर, हेड कांस्टेबल सुभाषचंद तथा कांस्टेबल रोहिताश बराला की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि वे ऑनलाइन सट्टेबाजी और अवैध डिजिटल नेटवर्क से दूर रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



# अच्छी नींद चाहिए तो रात में सोते समय कभी न खाएं ये चीजें, खराब कर देती हैं नींद

अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद लेना बहुत जरूरी होता है। जो व्यक्ति पूरी नींद लेता है, वह अन्य लोगों की तुलना में अधिक स्वस्थ होता है। इसके लिए एक व्यक्ति को प्रतिदिन 7-8 घंटे की नींद जरूरी लेनी चाहिए। लेकिन कई बार नींद पूरी नहीं हो पाती है। ऐसे में नींद की कमी की वजह से आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। एक व्यक्ति की नींद पूरी तब नहीं हो पाती है, क्योंकि उसे रात को अच्छी नींद नहीं मिल पाती है। ऐसा कई कारणों की वजह से हो सकता है। यह रात को आप क्या खा रहे हैं, इस पर भी निर्भर करता है।

## कैफीन

रात को सोते समय कभी भी कैफीन वाले खाद्य या पेय पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। इसलिए आपको रात में सोते समय चाय और कॉफी पीने से बचना चाहिए। इतना ही नहीं, आइसक्रीम और डेसर्ट्स में भी कैफीन पाया जाता है। कैफीन युक्त चॉकलेट खाने से भी परहेज करें। अगर आप रात को कैफीन नहीं लेंगे, तो काफी अच्छी नींद आ सकती है।

## एसिडिक फूड

रात को एसिडिक फूड खाने से भी नींद प्रभावित हो सकती है। इसलिए आपको रात में सोते समय कभी भी एसिडिक फूड्स का सेवन नहीं करना चाहिए। रात को सोते समय आपको खट्टे फलों का जूस, कच्चा प्याज, टोमैटो सॉस जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचना चाहिए। इतना ही नहीं रात को पिज्जा खाना भी नुकसानदायक हो सकता है।



## हैवी फूड्स

रात को हमेशा हल्का खाने की सलाह दी जाती है। आपको रात के समय कभी भी हैवी फूड्स का सेवन नहीं करना चाहिए। हैवी फूड्स से आपका पाचन तंत्र गड़बड़ा सकता है। साथ ही, पेट भरा-भरा महसूस हो सकता है। इसे पचने में अधिक समय लगता है। इससे आपकी नींद प्रभावित हो सकती है। साथ ही, पेट दर्द और ऐंठन की समस्या भी हो सकती है। इसलिए रात में फ्राइड चीजें जैसे बर्गर आदि का सेवन न करें।

## लिक्विड डाइट

रात को लिक्विड डाइट लेने से भी पूरी तरह से बचना चाहिए। दरअसल, अगर आप रात को सोते समय लिक्विड वाली चीजों का सेवन करेंगे, तो इससे आपको बार-बार पेशाब के लिए जाना पड़ सकता है। इसलिए रात को कभी भी तरबूज, खरबूजा और खीरा जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन न करें। आपको रात को पानी पीने से भी बचना चाहिए।

## एल्कोहल

रात को सोते समय एल्कोहल का सेवन करने से भी नींद प्रभावित हो सकती है। इसलिए आपको रात को कभी भी एल्कोहल का सेवन नहीं करना चाहिए। एल्कोहल आपके पाचन को प्रभावित कर सकता है। इससे आपको बार-बार पेशाब के लिए भी जाना पड़ सकता है। एल्कोहल नींद चक्र को बाधित करता है। शराब पीने के बाद खर्राटे आ सकते हैं और एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो सकती है।

# पुरानी से पुरानी कब्ज दूर करने के लिए अपनायें ये उपाय



आज के समय में कब्ज एक गंभीर समस्या बन चुका है। गलत खानपान और सुस्त जीवनशैली के कारण काफी लोग कब्ज से परेशान रहते हैं। कब्ज होने पर मल त्याग करने में परेशानी होती है और पेट ठीक से साफ नहीं हो पाता है। इसकी वजह से बिना कुछ खाए भी पेट में भारीपन महसूस होता है। कब्ज होने पर पेट में दर्द, गैस, खट्टी डकार और मितली जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। कभी-कभार कब्ज होना नॉर्मल है, जो रूटीन में बदलाव के कारण हो सकता है। लेकिन लगातार पेट में कब्ज रहने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। कब्ज से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के चूर्ण और दवाइयों का सेवन करना शुरू कर देते हैं। कब्ज से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के चूर्ण और दवाइयों का सेवन करते हैं। लेकिन फिर भी कुछ खास फायदा नहीं मिल पाता है।

## फाइबर का अधिक सेवन करें

कब्ज की समस्या को जल्दी ठीक करने के लिए अपनी डाइट में अधिक से अधिक फाइबर युक्त चीजों को शामिल करें। फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है और आंतों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। फाइबर युक्त चीजों के सेवन से मल मुलायम होकर आसानी से बाहर आ जाता है। आपको रोज 25 से 30 ग्राम फाइबर अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज और फल आदि खा सकते हैं।

## आलूबुखारा खाएं

कब्ज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप आलूबुखारा का सेवन कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। साथ ही, आलूबुखारा में लैक्सेटिव गुण होते हैं, जिससे मलत्याग की प्रक्रिया आसान बनती है। पुरानी से पुरानी कब्ज को खत्म करने के लिए आप रात को सोने से पहले 5-6 सूखे आलूबुखारा को पानी में भिगो दें। सुबह खाली पेट इन्हें खाएं और बचा हुआ पानी पी लें। इससे आपको जल्द राहत मिलेगी।

## प्रोबायोटिक्स लें

प्रोबायोटिक्स पुरानी से पुरानी कब्ज को दूर में मदद कर सकते हैं। प्रोबायोटिक्स अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो हमार आंत में मौजूद होते हैं। जिन लोगों को पुरानी कब्ज होती है, उनकी आंत में इन बैक्टीरिया का असंतुलन होता है। ऐसे में अधिक प्रोबायोटिक फूड्स का सेवन इस संतुलन को बेहतर बनाने और कब्ज को रोकने में मदद कर सकता है। इसके लिए आप दही, किमची, अचार आदि खा सकते हैं।

## व्यायाम करें

लगातार एक ही जगह पर बैठे रहने या शारीरिक गतिविधि की कमी की वजह से कब्ज की समस्या हो जाती है। इससे बचने के लिए रोजाना कुछ देर व्यायाम जरूर करें। रोजाना एक्सरसाइज करने से पाचन क्रिया को दुरुस्त बनाने में मदद मिलती है और कब्ज से राहत मिलती है। इसके लिए आप अपने रूटीन में वॉकिंग, जॉगिंग और स्विमिंग को शामिल कर सकते हैं।

## दूध और घी का सेवन करें

घी का सेवन करने से पुरानी से पुरानी कब्ज की शिकायत दूर हो सकती है। इसमें ब्यूटीरिक एसिड होता है, जो मल त्याग की प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद करता है। रोजाना घी का सेवन करने से पाचन क्रिया बेहतर होती है और पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है। कब्ज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप दूध और घी का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए रात में सोने से पहले एक गिलास गर्म दूध में एक चम्मच घी मिलाकर पिएं। इससे आप पेट अच्छी तरह साफ होगा।

# बच्चों के बेहतर ब्रेन डेवलपमेंट के लिए खिलाने चाहिए ये फूड्स

अधिकतर पेरेंट्स बच्चों की हेल्थ और ब्रेन डेवलपमेंट को लेकर चिंतित रहते हैं। कई लोग बच्चे की ब्रेन को डेवलेप करने के लिए कई तरह के पाउडर और दवाइयों आदि को भी बच्चों को खिलाने लगते हैं। इनका ज्यादा सेवन बच्चों की सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में आज हम कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताएंगे जिनको खाने से बच्चों की ब्रेन डेवलपमेंट के साथ उनका शारीरिक विकास भी अच्छे से होगा। ये फूड्स शरीर के लिए बहुत हेल्दी होते हैं। ये फूड्स खाने से मेमोरी पावर बढ़ाने के साथ याददाशत भी तेज होती है। इन फूड्स में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो ब्रेन की पावर को बढ़ाते हैं।



## दूध

दूध शरीर के लिए बहुत हेल्दी होता है। इसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन ए, डी और मैग्नीशियम आदि पाए जाते हैं। इसके सेवन से बच्चो की हड्डियां मजबूत होने के साथ उनका शारीरिक विकास भी ठीक ढ़ंग से होता है। दूध पीने से बच्चों की मांसपेशियों में होने वाला दर्द दूर होता है और ब्रेन डेवलेप भी अच्छे से होता है।

## हरी पत्तेदार सब्जियां

हरी पत्तेदार सब्जियां शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इन सब्जियों में प्रचुर मात्रा में आयरन और विटामिन बी पाया जाता है, जो ब्रेन डेवलेपमेंट के साथ बच्चों के शरीर की कमजोरी भी दूर करता है। बच्चों को हरी सब्जियों में पालक, लौकी, भिंडी और करेला आदि खिलाया जा सकता है।

## अंडे

बच्चों के संपर्ण विकास के लिए अंडे बहुत जरूरी होते हैं। इनमें भरपूर मात्रा में सोडियम, पोटेशियम, फाइबर, विटामिन सी और आयरन आदि पाया जाता हैं। इसके सेवन से बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होने के मेमोरी भी शार्प होती है। अंडा बच्चों को हेल्दी रखने में मदद करता है।

## ड्राई फ्रूट्स

ड्राई फ्रूट्स शरीर के लिए बहुत हेल्दी होते हैं। इनमें प्रचुर मात्रा में सोडियम, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसके सेवन से बच्चों की ब्रेन डेवपेपमेंट अच्छे से होता है और शारीरिक विकास भी ठीक ढ़ंग से होता है। बच्चों की डाइट में बादाम, अखरोट और पिस्ता आदि जरूर शामिल करें।

## केला

पोषक तत्वों से भरपूर केला बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से बच्चों को एनर्जी मिलने के साथ उनका वेट भी गेन होता है। जिन बच्चों का वेट कम होता है। अक्सर उन्हें केला खाने की सलाह दी जाती है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, कैल्शियम और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता हैं। बच्चों को रोज 1 केला खाने को अवश्य दें।

# गर्मी में साइनस के लक्षणों को कम करने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

साइनस की समस्या को साइनसाइटिस के नाम से जाना जाता है। इस बीमारी में साइनस में मौजूद ऊतकों (टिश्यूज) में सूजन हो जाती है। साइनस होने पर कई लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे नाक बहना, चेहरे में दर्द, कभी-कभी बुखार आना आदि। यह समस्या आमतौर पर सर्दी-जुकाम की वजह से होती है। लेकिन फंगाई, बैक्टीरिया और एलर्जी भी इसके मुख्य कारकों में शामिल हैं। हालांकि, गर्मी के दिनों में यह स्थिति बदतर होने लगती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इन दिनों लोग खुद को गर्मी से बचाने के लिए ज्यादातर समय एसी वाले कमरे में रहते हैं, ठंडी आइस्क्रीम खाते हैं और गला तर करने के लिए ठंडा पानी पीते हैं।



**चेहरे पर भाप लें :** साइनस से छुटकारा पाने का सबसे आम तरीका है, चेहरे पर भाप लेना। साइनस से आराम पाने का यह सबसे प्रभावी तरीका भी माना जाता है। भाप लेने से साइनस मॉइस्चराइज होता है। दरअसल, भाप लेते हुए सांस लेने से साइनस के टिश्यूज रिलैक्स होते हैं और क्लीन होते हैं। अगर आपके लिए भाप लेना संभव नहीं है, तो आप गुनगुने पानी से शॉवर भी ले सकते हैं। इससे भी साइनस की प्रॉब्लम में आराम मिल सकता है। वैसे, भाप लेना बहुत ही आसान है। भाप लेने के बाद आप एक बड़ा पतीला लें। इसे आधे से ज्यादा पानी से भर लें। अब पानी को गैस पर रखकर उबाल आने तक इंतजार करें। उबाल आने के बाद सावधानी से बर्तन को गैस से उतार लें। अब इस पानी से निकल रहे भाप को आप लेने की कोशिश करें। इसके लिए, आप एक तौलिया या कोई कपड़ा ले लें। इसे अपने सिर पर रखें और सिर की दाईं और बाईं तरफ से तौलिए का जो हिस्सा लटक रहा है, उससे पतीला कवर कर लें। इस तरह पतीला से निकल रही भाप सीधे आपके चेहरे पर लगेगी। लेकिन ऐसा करते हुए आप बहुत सावधान रहें, ताकि पानी गिरे नहीं। आप चाहें, तो पानी को हल्का ठंडा होने के बाद भी इस प्रक्रिया को दोहरा सकते हैं।


**गर्म और ठंडी सिंकाई करें :** साइनस से राहत पाने के लिए गर्म और ठंडाई सिंकाई भी बहुत कारगर है। इस तरह की सिंकाई में आपको एक बार गर्म कपड़े से अपने नाक, गाल और माथे की सिंकाई करनी है और दूसरी बार ठंडी सिंकाई करनी है। सबसे पहले आप गर्म सिंकाई करें। अगर आप गर्म कपड़े की मदद से सिंकाई कर रहे हैं, तो कपड़े को नाक, गाल और माथे पर कम से कम 2-3 मिनट तक रखें। इसके बाद, इसे हटाकर करीब 30-35 सेकंड तक कोल्ड कंप्रेस यानी ठंडी सिकाई करें। इस प्रक्रिया को एक बार में दो से तीन बार दोहरा सकते हैं। पूरे दिन में करीब 6 बार ऐसा करें। आपको बहुत आराम मिलेगा।

**गर्म सूप पिएं :** सूप के तौर पर आप वेजिटेबल सूप या चिकन सूप पी सकते हैं। विशेषज्ञों की मानें, तो गर्म सूप में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो साइनस की प्रॉब्लम से राहत दिलाने में मदद करते हैं। दरअसल, सूप की मदद से सर्दी-जुकाम में राहत मिलती है और साइनस कंजेशन, जुकाम से जुड़ी समस्या ही है। ऐसे में अगर आप साइनस की प्रॉब्लम के दौरान सूप पीते हैं, तो आपको आराम मिल सकता है। सूप की ही तरह आप हर्बल चाय का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे भी आपको साइनस से रिकवरी करने में मदद मिलेगी।

## नैजल स्प्रे यूज करें

इन दिनों मार्केट में कई ऐसे नैजल स्प्रे मिलते हैं, जिससे साइनस की प्रॉब्लम को दूर किया जा सकता है। असल में, ये स्प्रे नाक में जमा म्यूकस यानी बलगम को साफ करके नाक को क्लीन करने का काम करता है। आपको बता दें कि कुछ लोगों को एलर्जी की वजह से जुकाम लग जाता है, जिस वजह से उन्हें छींके आनी शुरू हो जाती है। इस कंडीशन में भी स्प्रे का यूज कर सकते हैं।

# जांघों को मोटा करने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय



ज्यादातर लोग अपना वजन बढ़ने के कारण परेशान रहते हैं। वजन को कम करने के लिए तरह-तरह के उपाय आजमाते हैं। कुछ लोग तो रेगुलर जिम जाते हैं और डाइटीशियन की मदद से डाइट चार्ट भी बनवाते हैं। उसे पूरी तरह फॉलो करते हैं ताकि उनका वजन कम होने के साथ-साथ, उनमें एनर्जी भी बनी रहे। हालांकि, इसी तरह पतलेपन से जूझ रहे लोग भी परेशान रहते हैं, खासकर जिन लोगों की थाईज यानी जांघ बहुत पतली होती है। दरअसल कई लोग ऐसे होते हैं, जो वेट करना चाहते हैं। इसके लिए खूब खाते-पीते भी हैं। लेकिन ऐसा करने की वजह से उनके पेट का हिस्सा मोटा होता है, जबकि थाईज पतली की पतली रह जाती है। जाहिर है, मोटा पेट और पतली थाईज किसी को पसंद नहीं है। तो क्या आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिनकी थाई बहुत पतली है?

## कैलोरी ज्यादा लें

जिन लोगों को वजन कम करना होता है, वे कम कैलोरी का इनटे करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप अपने थाईज में फैट बढ़ाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपको कैलोरी इनटेक बढ़ाना पड़ेगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप बहुत ज्यादा मात्रा में कैलोरी बढ़ा लें। कैलोरी की मात्रा में थोड़ा सा इजाफा काफी होगा। एक्सपर्ट्स की मानें, तो एक दिन में 200 से 250 कैलोरी काफी होती है। इससे प्रत्येक सप्ताह आपके वजन में मामूली सी बढ़ोत्तरी दिखेगी। इसके साथ ही आपकी थाईज में भी असर दिखेगा।

## प्रोटीन का सेवन करें

जब आप अपने थाईज का वजन बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो ऐसे में जरूरी है कि आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन लें। दरअसल, प्रोटीन बनाने वाले अमीनो एसिड मांसपेशियों के ऊतकों का भी निर्माण करते हैं। इसलिए विशेषज्ञ सुझाव देते हैं कि जो लोग अपनी थाईज का वजन बढ़ाना चाहते हैं, उन्हें प्रोटीन इनटेक बढ़ाने के साथ-साथ एक्सरसाइज भी करनी चाहिए। प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए आप नाश्ते में तीन अंडे का आमलेट खा सकते हैं। इससे 18 ग्राम प्रोटीन मिलता है। इसके अलावा चिकन आदि का सेवन भी किया जा सकता है।

## स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें

दुबली-पतली जांघों का वजन बढ़ाने के लिए सिर्फ प्रोटीन या कैलोरी इनटेक बढ़ाना काफी नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करें। ध्यान रखें कि अगर आपने ऐसा नहीं किया, तो इसकी वजह से आप जो भी खा रहे हैं, वह फैट के रूप में जमा हो जाएगा। जाहिर है, इससे आपका मोटापा बढ़ेगा, जो कि आपके लिए सही नहीं है। बढ़ते मोटापे की वजह से आपका शरीर बेडौल भी नजर आ सकता है। विशेषज्ञों की सलाह है कि आप दो से तीन तरह के स्ट्रेंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज करें। इसके लिए आप हेल्थ ट्रेनर की मदद ले सकते हैं।

## लेग प्रेसिंग करें

लेग प्रेसिंग एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसकी मदद से पैरों की मांसपेशियों पर काम किया जाता है। जिन लोगों को अपने पैर और जांघ सही शेप में चाहिए, उनके लिए यह एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद है। इस एक्सरसाइज को मशीन की मदद से किया जाता है। अगर आप बारबेल स्क्वैट्स, पैरों के लिए की जाने वाली एक प्रकार की एक्सरसाइज, करने में सहज नहीं होते हैं, तो आप इस एक्सरसाइज को जरूर करें।

# एमडी ड्रग्स सप्लायर को 1 हजार 700 किलोमीटर पीछा कर गोवा से दबोचा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसरोवर थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स सप्लायर और पांच हजार रुपए के इनामी आरोपित रामसिंह बिश्नोई निवासी बीकानेर को 1 हजार 700 किलोमीटर पीछा कर गोवा से गिरफ्तार किया है। आरोपित पिछले करीब दो माह से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता और लगातार निगरानी के बाद उसे गोवा से दबोच लिया। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत मानसरोवर थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई थी। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि इस मामले में 19 मार्च 2026 को नारायण विहार थाना पुलिस ने आरोपित मनोज बिश्नोई को 52.80 ग्राम एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में सामने आया कि वह मादक पदार्थ रामसिंह बिश्नोई से खरीदकर लाया था। इसके बाद पुलिस ने रामसिंह की तलाश शुरू की, लेकिन गिरफ्तारी से बचने के लिए वह फरार हो गया। आरोपी पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को आरोपित के सोशल मीडिया अकाउंट्स और लोकेशन से जुड़े तकनीकी इनपुट मिले। जिनके आधार पर टीम गोवा पहुंची। करीब 1 हजार 700 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब उससे अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क और सप्लाई चैन के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# पोद्दार संस्थान बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर 2026 अवॉर्ड से सम्मानित




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडियन सीएसआर एवं सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2026 के तहत पोद्दार संस्थान को बेस्ट एनजीओ ऑफ द ईयर 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली स्थित होटल प्राइड में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पोद्दार संस्थान के चेयरपर्सन डॉ आनंद पोद्दार ने यह प्रतिष्ठित अवॉर्ड ग्रहण किया। यह सम्मान बिसलेरी एवं एसएल बी कंपनी की ओर से संस्थान को सस्टेनेबिलिटी, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास तथा उद्यमिता विकास के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया।

समारोह में देश-विदेश की विभिन्न कंपनियों के निदेशक, सीएसआर प्रमुख, एनजीओ प्रतिनिधि, शिक्षाविद्, उद्योगपति, सोशल एक्टिविस्ट और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस मंच पर उन संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने प्रभावशाली सीएसआर पहलों और सतत विकास आधारित नवाचारों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दिया है। अवार्ड प्राप्त करने के बाद डॉ आनंद पोद्दार ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान संस्थान की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देती है तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी को और मजबूत करती है।

# अपहरण और मारपीट के मामले में तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने अपहरण और मारपीट के एक पुराने मामले में तीन साल से फरार चल रहे आरोपी को मोहित कुमार शर्मा को किशनगढ़ जिला अजमेर से गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि लंबित मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल और सहायक पुलिस आयुक्त विनोद शर्मा के निर्देशन में जवाहर सर्किल थाना प्रभारी महेश चंद्र के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि मामला 15 अप्रैल 2023 का है, जब परिवादी गौरव गौड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि फोर्टिस हॉस्पिटल के पास चाय पीकर लौटते समय सफेद स्कॉर्पियो में आए कुछ युवकों ने उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और 50 हजार रुपए की मांग की। विरोध करने पर उसके सिर पर बीयर की बोतल से हमला किया गया। इसके बाद आरोपी उसे उसके फ्लैट पर ले गए, जहां से लैपटॉप, टीवी, होम थिएटर, मोबाइल फोन, नकदी और दस्तावेज लूट लिए। बाद में आरोपियों ने उसे पत्रिका गेट के पास छोड़ दिया। मामले में जवाहर सर्किल थाने में विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में पहले ही चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी जबकि मुख्य वांछित आरोपी मोहित कुमार शर्मा फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपना मकान बेचकर लगातार ठिकाने बदल रहा था। पुलिस टीम ने तकनीकी शाखा की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और लगातार दो दिन तक पीछा कर उसे किशनगढ़ से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी मारपीट के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। कार्रवाई में जवाहर सर्किल थाना पुलिस की विशेष टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तहसील अध्यक्ष भूट्टा ने घोषित की कार्यकारिणी



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** कुरेशी महासभा संस्थान के तहसील अध्यक्ष फारूक भूट्टा ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संरक्षक सदस्य बिलाल, जाकिर हुसैन, अयूब ठेकेदार, रफीक, हमीद, फकीर मोहम्मद, सलीम को नियुक्त दी गई है। तहसील अध्यक्ष फारूक भूट्टा ने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर गुलाब नब्बी, रमजान, आरिफ, इमरान को नियुक्ति दी गई है। इसी प्रकार जनरल सेक्रेटरी पद पर सद्दाम, शकील, आरिफ, रब्बानी को नियुक्ति दी गई है। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर जाकिर, सचिव पद पर शाहरूख, उप सचिव शकील, वसीम, सत्तार, रफीक को बनाया गया है। संयुक्त सचिव इमरान कुरैशी, साबिर, इरफान, जाकिर, प्रवक्ता रशीद व्यापारी, उप प्रवक्ता शकील, मीडिया प्रभाग में जाहिद, शाहिद, सोशल मीडिया में मुहम्मद रफीक को जिम्मेदारी दी गई है।

# कलश यात्रा के साथ मीरा चरित्र कथा शुरू

# राम जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अधिकमास पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर गुलाबी नगरी छोटीकाशी पूरी तरह भक्ति के रंग में सराबोर हो गई है। शहर में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न धार्मिक कथाओं और ज्ञान यज्ञों के आयोजन हो रहे हैं। प्रचंड गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है, वहीं आयोजकों ने भी श्रोताओं की सुविधा के लिए कूलर और छाया के पर्याप्त इंतजाम किए हैं। सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में मीरा चरित्र, राम कथा और भरत चरित्र कथा के दौरान भक्ति का अनूठा प्रवाह देखने को मिला।




## भव्य कलश यात्रा के साथ मीरा चरित्र कथा का शुभारंभ

महिला मंडल जागृति संगठन की ओर से श्यामनगर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित श्री साकेतेश्वर महादेव मंदिर में तीन दिवसीय संगीतमय मीरा चरित्र कथा का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ।

कथा से पूर्व न्यू सांगानेर रोड सोडाला की वेद वाटिका स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एक ही रंग की साड़ी में, सिर पर मंगल कलश धारण कर शामिल हुईं। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और श्रीकृष्ण-मीराबाई के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची, जहां सुप्रसिद्ध कथावाचक पं उमेश व्यास ने मंगलाचरण के साथ कथा शुरू की। उन्होंने मीराबाई की कृष्ण भक्ति, त्याग और समर्पण के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। यह कथा 20 मई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी।

## मनाया राम जन्मोत्सव

गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में चल रही रामकथा के दूसरे दिन सोमवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पातालपुरी पीठाधीश्वर बालक देवाचार्य महाराज ने व्यासपीठ से जैसे ही भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी, चौपाई के साथ प्रभु राम के प्राकट्य का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। पं राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि राम जन्मोत्सव के इस खास मौके पर जमकर बधाइयां बांटी गईं और श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे।

## उच्च कोटि के निष्काम भक्त थे भरत

हरिनाम संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में महावीर नगर स्थित श्री राम मंदिर में पांच दिवसीय श्री भरत चरित्र कथा का आयोजन किया जा रहा है।

अग्रवाल महिला मण्डल महावीर नगर के सहयोग से आयोजित इस कथा के दूसरे दिन सोमवार को व्यासपीठ से अकिंचन महाराज ने भरत के जीवन के अनसुने प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भरत जी उच्च कोटि के भक्त थे, जो भगवान की निष्काम साधना करते थे। कथा के दौरान मधुर भजनों और प्रसंगों के माध्यम से भगवान राम और भरत के आदर्श भाईचारे व चरित्र का सुंदर वर्णन किया गया।

# मालाराम विकास समिति की बैठक आयोजित



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी के पूर्व विधायक स्वर्गीय मालाराम गुर्जर की 39वीं पुण्यतिथि को लेकर सोमवार को मालाराम विकास समिति की बैठक कोलिहान नगर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने की। बैठक में 22 मई को भोपालगढ़ रोड स्थित सामुदायिक भवन में श्रद्धांजलि सभा एवं गौ सवामणी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूर्व विधायक दाताराम गुर्जर ने बताया कि स्वर्गीय मालाराम गुर्जर ने हमेशा क्षेत्र के विकासए किसानों और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि मालाराम गुर्जर जनसेवा के प्रति समर्पित नेता थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य करवाए। उनका जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। दाताराम गुर्जर ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न गौशालाओं में भी गौ सवामणी करवाई जाएगी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा करते हुए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान दुलीचंद, विश्वनाथ, रामेश्वरलाल, भरताराम, रामनिवास, मालाराम, दौलतराम, शंकर, श्योचंद सहित कई लोग मौजूद थे।

# कथा में कृष्ण बाल लीला और गोवर्धन लीला का हुआ वर्णन

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** बागरियावास गांव स्थित मीठी कोठी में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह महोत्सव में सोमवार को श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। कथा वाचक पंडित जयगोपाल शास्त्री ने भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के बाद नंद उत्सव, बाल लीलाओं एवं गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान प्रसंगानुसार आकर्षक एवं जीवंत झांकियां सजाई गई, जिन्होंने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा वाचक ने सत्य के मार्ग पर चलने और भक्ति भावना से जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया। आयोजन समिति के कानसिंह शेखावत एवं प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि कथा महोत्सव के तहत 20 मई को रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



# जाखल-नवलगढ़ मार्ग पर सीसी सड़क का लोकार्पण

## विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी कोई कमी : विक्रम सिंह

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल-नवलगढ़ मार्ग पर नवनिर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण एवं विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किया। इस दौरान उनका नागरिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विधायक जाखल ने फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, वहीं नागरिकों ने साफा एवं माल्यार्पण कर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विधायक जाखल ने कहा कि सड़क, पानी और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की मजबूत नींव होती हैं।



उन्होंने कहा कि जाखल-नवलगढ़ मार्ग लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रहा था तथा बरसात के दौरान लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। सीसी सड़क बनने से अब लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में जनसहभागिता सबसे बड़ी ताकत होती है और आमजन के सहयोग से ही क्षेत्र को नई दिशा मिलती है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि नवलगढ़ क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सड़क निर्माण कार्य पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर श्रवण सिंह, महिपाल रुलानिया, महेश डूडी, ईश्ब, रफीक, रतन सिंह, हरिसिंह कड़ायल, नरेंद्र सिंह शेखावत, झाबर सैनी, अजीत सिंह, रुस्तम अली, शरीफ, शिंभू सिंह शेखावत, बजरंग लाल, जगदीश प्रसाद महला, सूबेदार मूलचंद डूडी, सुभाष डूडी, शिवचंद पीटीआई, सूबेदार राजेंद्र डूडी, नत्थू सिंह खेदड़, ताराचंद खेदड़, समुद्रलाल कड़ायल, किशोर मीणा, जगदीश प्रसाद वर्मा, शिवचंद मीणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# जालपाली धाम में श्रीराम महायज्ञ 21 से



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** मूंडरू कस्बे के जालपाली स्थित श्रीसीताराम मंदिर में साकेतवासी पूज्य संत रामलखन दास महाराज के कृपा से आयोजित होने वाले 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ को लेकर हरिचरण दास महाराज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सुदर्शनदास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि जालपाली धाम में पुरूषोतम मास में 21 से 29 मई तक 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का आयोजन होगा। यज्ञ की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आसपास के चार दर्जन से अधिक गांवों के लोगों ने भाग लिया। यज्ञ के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं की कमेटियां गठित की गई। जिसमें कलश यात्रा, पार्किंग, भोजनशाला, संत सम्मेलन, सफाई व्यवस्था, टेंट, डेकोरेशन सहित कई जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को प्रदान की गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 21 मई सुबह 9 बजे बिहारजी मंदिर से जालपाली धाम तक शाही लवाजमे के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें ऊंट, घोड़े, बग्घी, रथ होंगे। रथों में देशभर से कई पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर, संत, श्रीमहंत व साधु संन्यासी शामिल होंगे। यज्ञाचार्य नंदन मिश्र, कार्यक्रम संयोजक हरिचरण दास महाराज तथा सुदर्शनदास महाराज के द्वारा महायज्ञ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

# मैढ़ क्षेत्रिय स्वर्णकार संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का किया सम्मान



**तारानगर ( नवयत्न )।** मैढ़ क्षेत्रिय स्वर्णकार संस्था तारानगर की कार्यकारिणी की बैठक सोनी धर्मशाला तारानगर में हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही संस्था के नवमनोनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का माला पहनाकर व मोमेंटो देकर स्वागत-सम्मान किया गया। उन्हें पद की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर निरंजन नारनोली, विजय प्रकाश सीगड़, हनुमानमल सहदेवड़ा, हनुमानमल जांगल्वा, पवन सीगड़, पिरामल, जगदीश नारनोली, धनपत मौसूण, भगवती प्रसाद गोयतान, विजय सोनी, विक्रम सोनी, रमेश भामा, रामेश्वर लाल, संजय सहदेवड़ा, कुंदनमल, गौरीशंकर, मुखराम, मोहनलाल, दीपक नारनोली आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# ग्रीष्मकालीन विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की शहीद धर्मपाल सैनी राउमावि में सोमवार से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अभिरुचि विशेष प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर 18 मई से 20 जून तक चलेगा। प्रधानाचार्य सुभाष चनेजा ने बताया कि राजस्थान स्काउट गाइड द्वारा चलाए जा रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल दक्षता में बेहतर बनाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं अपने घरेलू कार्यों में व्यस्त होने के कारण अपने अपने कौशल का प्रदर्शन नहीं कर पाती है, ऐसे में शिविर के माध्यम से प्रेरित कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। शिविर में सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, मेंहदी, कंप्यूटर, बास्केट बनाने सहित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों और महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना तथा उनके कौशल का विकास करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य के अनुसार शिविर में छोटे बच्चों से लेकर 60 वर्ष तक की महिलाओं एवं युवतियों ने भाग लिया है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रशिक्षक सरजीत सिंह, शंभूसिंह, संजय सैनी, अनीता, मंजू बाकोलिया, सरला, शबनम सैयद सहित महिला प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# श्रद्धांजलि सभा आज

निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** समीपवर्ती गुढ़ा बावनी स्थित बाड्यानाला मुख्य सड़क मार्ग पर मंगलवार को नीट स्टूडेंट प्रदीप माहीच हत्या प्रकरण में परिजनों का हर तरह से सहयोग करने और आगे की रणनीति तैयार करने हेतु एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन रखा गया है। जानकारी देते हुए मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा, श्रवण गुढा ने बताया कि मृतक प्रदीप महीच की आत्मा की शांति के लिए सुबह 9 बजे से 2 बजे तक एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन रखा गया है।

# इंडियाज लिटिल फैशन हंटर्स-चैप्टर 14 में नन्हे मॉडल्स ने रैंप पर बिखेरा जलवा

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में अजमेर रोड स्थित दी ट्रेड इंटरनेशनल रिसॉर्ट में बच्चों की फैशन और मॉडलिंग प्रतिभा को एक भव्य मंच देने के उद्देश्य से इंडियाज़ लिटिल फैशन हंटर्स –चैप्टर 14 का शानदार आयोजन किया गया। इस भव्य फैशन शो को ए इनफिनिटी टेकओवर्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, वहीं प्रसिद्ध किड्स फैशन ब्रांड ममकींस इस शो का पावर्ड बाय पार्टनर है। इस कार्यक्रम के आयोजक एवं शो डायरेक्टर अनूप चौधरी ने बताया कि यह इस इवेंट का चौदहवां सीजन है। लगातार यह शो बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देने और उन्हें फैशन एवं मॉडलिंग इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान कर रहा है। इस शो के दौरान लगभग 100 से अधिक 2 वर्ष से लेकर 15 वर्ष तक के किड्स मॉडल्स ने रैंप पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी नटखट बच्चों ने आत्मविश्वास, स्टाइल एवं टैलेंट से दर्शकों का दिल जीता। शो में कुल 7 शानदार रनवे सीक्वेंस देखने को मिले, जिनमें फैशन, क्रिएटिविटी और एंटरटेनमेंट का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

इस सीजन में कई आकर्षक और यूनिक थीम्स पर आधारित डिजाइनर कलेक्शंस शोकेस किए गए, जिनमें पार्टी वियर, मिनी वर्ल्ड थीम, यूनो गेम थीम कॉन्सेप्ट और और ट्रेडिशनल वियर प्रमुख आकर्षण रहे। एलेन फैशन इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स, फैशन ब्रांड ममकींस एवं हैप्पी हडल द्वारा तैयार किए गए विशेष कलेक्शंस रैंप पर पेश किए गए। कार्यक्रम में बच्चों का मेकओवर मेकअप बाय दीपा द्वारा किया गया, जिसने बच्चों को ग्लैमरस और प्रोफेशनल रनवे लुक देने का कार्य किया। शो की कोरियोग्राफी प्रसिद्ध कोरियोग्राफर राहुल शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने आगे बताया कि इंडियाज़ लिटिल फैशन हंटर्स सिर्फ एक फैशन शो नहीं बल्कि बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने वाला मंच है। यह प्लेटफॉर्म बच्चों को आत्मविश्वास, कम्युनिकेशन स्किल्स और स्टेज प्रेजेंस विकसित करने में मदद करता है। अब तक इस शो के 13 सफल एडिशन आयोजित किए जा चुके हैं और हर सीजन को दर्शकों एवं फैशन इंडस्ट्री से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। यह आयोजन फैशन, क्रिएटिविटी और बच्चों की प्रतिभा का एक भव्य उत्सव साबित हो रहा है, जहां नन्हे मॉडल्स अपने हुनर से रैंप पर जलवा बिखेरते नजर आते हैं।

# गुप्त वृन्दावन धाम में कल्चर कैंप का आगाज

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** बच्चों को आधुनिक समाज में आगे बढ़ाने के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों और वैदिक संस्कारों से जोड़े रखने के लिए हर साल की तरह इस बार भी गुप्त वृन्दावन धाम ने एक अनूठी पहल की है। गर्मियों की छुट्टियों के विशेष अवसर पर धाम में कल्चर कैंप संस्कारों की पाठशाला का भव्य शुभारंभ हुआ है। कैंप के पहले बैच की शुरुआत 18 मई से हो चुकी है, जिसमें बच्चे अगले 15 दिनों तक वैदिक कलाओं और जीवन मूल्यों की बारीकियां सीखेंगे।

## चरित्र निर्माण के साथ सीखेंगे वैदिक कलाएँ

इस कल्चर कैंप का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी के चरित्र का निर्माण करना और उन्हें धार्मिक व नैतिक शिक्षाओं से जोड़ना है। 15 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई रचनात्मक और आध्यात्मिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी, जिनमें बच्चे धार्मिक थिएटर और कीर्तन, अभिनय और संगीत के माध्यम से संस्कृति से जुड़ेगे। भगवद गीता के श्लोक-बच्चों को गीता के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण और उनका अर्थ सिखाया जाएगा। वैदिक आर्ट, क्राफ्ट, ड्राइंग और पेंटिंग कला के जरिए भारतीय संस्कृति को समझने का मौकाए बिना आग की कुकिंग बच्चों को आत्मनिर्भर और रचनात्मक बनाने के लिए रसोई की बुनियादी कला के गुर सिखाए जाएगे। इस शिविर की सबसे खास बात यह है कि इसमें बच्चों को हरे कृष्ण महामंत्र का जाप करना सिखाया जाएगा ताकि वे अपने जीवन में मानसिक शांति और धार्मिक पथ पर आगे बढ़ सकें। इस शिविर में कक्षा 1 से लेकर 10वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते है। शिविर का समय प्रात साढ़े 7 से दोपहर 12 बजे तक रहेगा और शिविर की अवधि 18 मई से अगले 15 दिनों तक रहेगी। बड़े बच्चों के नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए गुप्त वृन्दावन धाम तत्वावधान में एक और सराहनीय कदम उठाया गया है। कल्चर कैंप के साथ-साथ ही कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क पुरुषोत्तम कैंप का आयोजन भी किया गया है, जहाँ किशोर वर्ग के छात्र जीवन प्रबंधन और वैदिक मूल्यों के सूत्र सीख सकेंगे। धाम प्रबंधन के अनुसार इस तरह के आयोजनों से बच्चों में न केवल सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है बल्कि वे छुट्टियों का सही सदुपयोग कर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की ओर अग्रसर होते हैं।

# जेएसए क्रिकेट कॉर्निवल : रचना सुपर किंग्स बनी चैम्पियन

जयपुर (नवयत्न)।

जयपुर सिल्वर एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित प्रथम दो दिवसीय जेएसए क्रिकेट कॉर्निवल का समापन निर्माण नगर स्थित कौड़ीई क्रिकेट बॉक्स में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता का खिताब रचना सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने नाम किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्वल डेरेवाला और सचिव राहुल जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। लीग मुकाबलों और रोमांचक सेमीफाइनल मैचों के बाद खेले गए फाइनल में रचना सुपर किंग्स ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पुरस्कार समारोह में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपए का चेक एवं उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत, भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, विधायक कालीचरण सराफ, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुभाष बाफना तथा आईएसजेएस जयपुर सिल्वर शो के डायरेक्टर मनीष सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में मुख्य संयोजक शुभम अग्रवाल और वेदांत मंगोड़ीवाला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान सभी टीम ओनर्स और स्पॉन्सर्स का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। खिलाड़ियों की फिटनेस और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजन के दौरान विशेष सेमिनार भी आयोजित किया गया। इसमें डॉ ललित मोदी, डॉ अरुण परतानी, डॉ डीएस मीणा और डॉ सुनील बेनीवाल ने खिलाड़ियों को फिटनेस, इंजरी मैनेजमेंट और बेहतर खेल तकनीकों से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



# गुरु, माला और मूर्ति कभी बदलनी नहीं चाहिए : शास्त्री



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भाटिया भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धालु भक्ति और भाव में सराबोर नजर आए। कथा व्यास सुरेश शास्त्री ने वाराह अवतार, दक्ष यज्ञ प्रसंग एवं बाल भक्त ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान शास्त्री ने कहा कि गुरु, माला और मूर्ति कभी बदलनी नहीं चाहिए क्योंकि इन्हीं के माध्यम से व्यक्ति का आध्यात्मिक जीवन स्थिर और सफल बनता है। उन्होंने वाराह अवतार प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब दैत्य हिरण्याक्ष पृथ्वी को रसातल में ले गया, तब भगवान विष्णु ने वाराह अवतार धारण कर पृथ्वी का उद्धार किया और धर्म की पुनः स्थापना की। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों और सृष्टि की रक्षा के लिए समय-समय पर अवतार लेते हैं। दक्ष यज्ञ प्रसंग में राजा दक्ष के अहंकार और भगवान शिव के अपमान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि अहंकार मनुष्य के पतन का सबसे बड़ा कारण है।

माता सती के आत्मदाह और भगवान शिव की करुणा एवं त्याग का वर्णन सुन श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथा में बाल भक्त ध्रुव का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शास्त्री ने बताया कि पांच वर्षीय ध्रुव ने अपमान को कमजोरी न बनाकर भगवान की भक्ति का मार्ग चुना और कठोर तपस्या के बल पर भगवान विष्णु से अटल ध्रुव पद प्राप्त किया। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को दृढ़ निश्चय, विश्वास और भक्ति का संदेश दिया गया। कथा पांडाल में भजन-कीर्तन और भगवान के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लिया। अध्यक्ष अजय गांधी सहित सूरजभान भाटिया, चंद्र भाटिया, प्रताप भाटिया और सुभाष भाटिया सहित अन्य श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ की आरती की।

# एलेवे राजस्थान टैलेंट उत्सव 2026 का ग्रैंड फिनाले में रोनिल बने चैम्पियन




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कला, संस्कृति और प्रतिभा के भव्य संगम के रूप में एलेवे राजस्थान टैलेंट उत्सव 2026 का ग्रैंड फिनाले राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उत्साह और रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। कटिंग चाय : मंच आपके विचारों का के बैनर तले आयोजित इस टैलेंट हंट में देशभर की प्रतिभाओं ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजक आदित्य टिक्कू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान की भावपूर्ण प्रस्तुति के साथ हुई। देशभर से चयनित 50 प्रतिभाशाली फाइनलिस्ट्स ने गायन, नृत्य, कविता, कॉमेडी, बीट बॉक्सिंग और रैप जैसी विभिन्न विधाओं में बेहतरीन प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तथास्तु प्रोडक्शंस और एडिनोवा की जूरी द्वारा किया गया।

इस कड़े मुकाबले के बाद रोनिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं रुजेन हसन प्रथम रनर-अप और दक्षिता सिंह द्वितीय रनर-अप रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आदित्य टिक्कू की महत्वपूर्ण भूमिका रही जबकि संपूर्ण संचालन और प्रबंधन की जिम्मेदारी जसप्रीत वालिया ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में तुषार पारेख, दीपक पाल, गौरव पारेख एवं कटिंग चाय टीम का विशेष योगदान रहा। समारोह में सुरेश सैनी, अजय गुप्ता, डॉ श्रद्धा आर्या, ममता शर्मा, डॉ भूमिका, अनुराग टिक्कू, केदार गुप्ता, डॉ अल्का गौर, सोनम रावत, सीमा जैन, अवधेश मेथी, नवनीत सोगानिल, पूजा शर्मा, शीना पराशर और निहारिका सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। भारतीय परंपरा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों को प्लास्टिक ट्रॉफी के स्थान पर पारंपरिक शॉल और पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन सेलिब्रिटी एंकर अंकित खंडेलवाल और शिखा जैन ने प्रभावशाली अंदाज में किया।

आयोजन को एलेवे, श्रीला होम्स, सोनामिस्ट, होप फॉर किड्स फाउंडेशन, वी वन होटल्स, ऑन द डॉट, प्राइम टाइम इंडिया और शुभ स्टार एंटरटेनमेंट का सहयोग प्राप्त हुआ। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि भारतीय कला और प्रतिभा को वैश्विक मंच तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

# ट्रेलर पलटा, सड़क पर बिखरा पशु आहार

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गुजरात से हरियाणा जा रहा पशु आहार से भरा एक ट्रेलर सोमवार को श्रीमाधोपुर बाइपास पर ढाल्यावास चौराहे के पास पलट गया। यह हादसा सड़क पर अचानक गाय आने के बाद उसे बचाने के प्रयास में हुआ। जानकारी के अनुसार चालक ने गाय को बचाने के लिए वाहन को मोड़ा, जिससे ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रेलर में लदे पशु आहार के कई कट्टे फट गए और सामग्री सड़क किनारे दूर तक बिखर गई। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रेलर का चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था को सुचारू करने में सहयोग किया।

# शेखावाटी स्कूल ने ऑपन टूर्नामेंट में भी किया राजस्थान टॉप



**लोसल ( नवयत्न )।** हाल ही में जयपुर नागौर डीडवाना कुचामन में ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शेखावाटी स्कूल, लोसल ने जिस तरह बोर्ड परीक्षा परिणाम में राजस्थान को में टॉप किया उसी तर्ज पर स्पोर्ट्स में भी शेखावाटी स्कूल, लोसल ने अपनी प्रतिभा दिखाई है है। बैडमिंटन 11वर्ष आयु वर्ग में छात्रावासीय विद्यार्थी कार्तिक ने जयपुर में गोल्ड मेडल के साथ 2100 रुपए और ट्रॉफी प्राप्त करते हुए शेखावाटी स्कूल, लोसल और अपने परिवार का नाम रोशन किया। इसी तरह नागौर डीडवाना कुचामन में श्रीपाल ने 13 वर्ष छात्र आयु वर्ग में गोल्ड मेडल और ट्रॉफी हासिल की। 69वी जिलास्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में संपूर्ण सीकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली लकी शेखावत ने 13 वर्ष, 15 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष एवं सीनियर छात्रा एकल प्रतियोगिता एवं डबल्स प्रतियोगिता में 6 गोल्ड मेडल के साथ 6 ट्रॉफी हासिल करते हुए बैडमिंटन की धुरंधर बनकर शेखावाटी स्कूल, लोसल और अपने परिवार का नाम संपूर्ण राजस्थान में रोशन किया। विद्यालय की छात्रा खुशी ने 19 वर्ष आयु वर्ग एवं डबल्स में 3 गोल्ड के साथ 3 ट्रॉफी अपने नाम की। प्राची ने 17 वर्ष आयु वर्ग एवं सीनियर डबल्स में 2 सिल्वर मेडल के साथ 2 ट्रॉफी प्राप्त की। खिलाड़ियों की इस सफलता पर चेयरमैन बी एल रणवा, निदेशक राहुल रणवा, रोहित रणवा, प्राचार्य ओमप्रकाश रणवा, निजी सचिव भरत शर्मा ने खिलाड़ियों, उनके परिवारजन एवं कोच बजरंग लाल को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अपना घर आश्रम में हवन कार्यक्रम आयोजित

**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में श्रद्धा, सेवा और मानवता से ओत-प्रोत एक भव्य हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में मनीराम सुथार उपस्थित रहे। साथ ही जसरासर गांव के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। हवन एवं पूजा-अर्चना के पश्चात जसरासर गांव के सेवाभावी स्वजनों एवं समस्त साथियों द्वारा मिलकर लगभग 3000 किलो कनक एकत्रित कर अपना घर आश्रम नोखा में निवासरत निराश्रित, असहाय एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवा हेतु भेंट की गई। यह सेवा कार्य मानवता और करुणा का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया। इस अवसर पर अपना घर आश्रम नोखा के सतीश झंवर ने सभी भामाशाहों एवं ग्रामीणजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा आप सभी मानव सेवा के इस पावन कार्य में सहयोग देकर समाज के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। निराश्रित प्रभुजनों की सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में सेवा, श्रद्धा और अपनत्व का वातावरण बना रहा। उपस्थित सभी लोगों ने प्रभुजनों के बीच समय बिताकर मानवता के इस अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। अपना घर आश्रम परिवार द्वारा सभी सेवाभावी भामाशाहों एवं जसरासर ग्रामवासियों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई।

**मानव सेवा ही माधव सेवा है**-ईश्वर, सरस्वती एवं सोनिया द्वारा समस्त ग्रामवासियों से विनम्र अपील की गई है कि जिन-जिन गांववासियों के यहां ट्यूबवेल हैं, वे अपना घर आश्रम हेतु प्रत्येक ट्यूबवेल से एक बैग कनक अवश्य भिजवाएं ताकि निराश्रित प्रभुजनों की सेवा का यह पावन अभियान निरंतर चलता रहे।

# आईपीएल सट्टेबाजी पर प्रहार : दो ठिकानों पर छापेमारी कर किए नौ सटोरिए गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडियन प्रीमियर लीग के रोमांच के बीच राजधानी जयपुर में ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर नौ सटोरियों को गिरफ्तार किया है। कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने सांगानेर सदर और मुरलीपुरा थाना क्षेत्रों में दबिश देकर राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन और विशेष पुलिस आयुक्त ऑपरेशन ओमप्रकाश के मार्गदर्शन में पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 मोबाइल फोन, एलईडी टीवी, सट्टे के हिसाब-किताब की डायरियां, दो लग्जरी वाहन, एक मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। प्रारंभिक जांच में रजिस्टरों में करोड़ों रुपए के लेनदेन का हिसाब सामने आया है। विशेष पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने बताया कि सीएसटी को सूचना मिली थी कि सांगानेर सदर थाना इलाके की जेडीए कॉलोनी गोविंदपुरा में दुकान के ऊपर बने कमरे में आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चलाया जा रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी तो वहां आरोपी राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच पर एप के जरिए ऑनलाइन दांव लगवा रहे थे। जांच में सामने आया कि आरोपी बुकियों उत्तम सैनी, निरंजन शर्मा और भगवान शर्मा से लाइन लेकर सट्टेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने मौके से धर्म सिंह चौधरी निवासी शिकारपुरा जयपुर, रोशन चौधरी निवासी शिकारपुरा जयपुर, हरि गुर्जर निवासी शिकारपुरा जयपुर, महेंद्र चौधरी निवासी शिकारपुरा जयपुर, अजीत चौधरी निवासी सांयपुरा जयपुर, गिर्राज चौधरी निवासी राहोली टोंक तथा सूर्यप्रकाश चौधरी निवासी रणवा की ढाणी जयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन, तीन रजिस्टर, दो लग्जरी वाहन, एक बाइक, कैलकुलेटर और 1.27 लाख रुपए नकद जब्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ बीएनएसए आईटी एक्ट और आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी कार्रवाई मुरलीपुरा थाना इलाके के विजयवाड़ी क्षेत्र में की गई, जहां आरोपी पुलिस से बचने के लिए मकान के भीतर ऑनलाइन सट्टेबाजी का नेटवर्क संचालित कर रहे थे। पुलिस ने मौके से योगेश जैन उर्फ पिल्लू और संजय जैन को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी सौरभ और अभिषेक नामक बुकियों से लाइन लेकर एप के जरिए सट्टा संचालित कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से पांच मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी, जियो फाइबर सेटअप बॉक्स और हिसाब-किताब का रजिस्टर बरामद किया है। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस अब पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य सटोरियों व ऑनलाइन गिरोह के तार खंगालने में जुटी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आईपीएल सीजन के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी का कारोबार तेजी से फैलता है और सटोरिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं को इस अवैध कारोबार में फंसा रहे हैं। जयपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध सट्टेबाजी या ऑनलाइन जुए की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# किडनी में ट्यूमर से जूझ रहे मरीज को मिला नया जीवन

**जयपुर ( नवयत्न )।** एपेक्स हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने दांयी किडनी में गंभीर कैंसर ट्यूमर से जूझ रहे एक 50 वर्षीय मरीज की जान बचाने में सफलता हासिल की है। मरीज की सफल सर्जरी सीनीयर यूरोलॉजिस्ट डॉ सौरभ जैन ने की। डॉ जैन ने बताया कि कैंसर ट्यूमर के चलते खून का थक्का रीनल वेन से होकर मुख्य आईवीसी में जा रहा था। ट्यूमर को ठीक करने के लिए चार घंटे तक चली सर्जरी के दौरान पहले आईवीसी को कंट्रोल करके किडनी एवं ट्यूमर के थक्के को निकाल कर आईवीसी को रिपेयर किया गया। डॉ जैन ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान खून का थक्का हार्ट तक भी जा सकता था, जिससे जान जाने की संभावना हो सकती थी लेकिन अनुभवी स्टॉफ एवं अत्याधुनिक मशीनों के चलते इसे पूरी तरह ठीक किया गया जा सका। उन्होंने बताया कि यूरो से संबंधित किसी भी समस्या का प्रारंभिक स्तर पर ही एक्सपर्ट से इलाज लेने पर गंभीर स्थिति तक जाने से मरीज को बचाया जा सकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190